The Female Educators and Fertility A Case Study of Lady Teachers of the City of Allahabad

THESIS

SUBMITTED AT THE

UNIVERSITY OF ALLAHABAD

FOR THE DEGREE OF

DOCTOR OF PHILOSOPHY

UNDER THE GUIDANCE OF

Dr. A. D. Sharma

D. E. D., D. Litt.

PROFESSOR IN ECONOMICS

&

HONY. DIRECTOR, AGRO-ECONOMIC RESEARCH CENTRE.

BY

Kalpna Mathur

DEPARTMENT OF ECONOMICS
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
ALLAHABAD

1987

शिक्षित महिलायें एवं प्रजननता

(FEMALE EDUCATORS AND FERTILITY)

इलाहाबाद नगर की शिक्षित महिलाओं का एक वैयक्तिक अध्ययन

(A CASE STUDY OF LADY-TEACHERS OF THE CITY OF ALLAHABAD)

प्राक्कथन

भारत की जनसंख्या की वृद्धि की दर चिन्ताजनक है। इस समय की वृद्धि की दर भारत के अपने जनांकिकी इतिहास के लिए भी भयानक और अभूतपूर्व है। 1941 से लेकर 1971 तक के केवल 30 वर्ष में भारत की जनसंख्या वृद्धि उसकी उस जनसंख्या के बराबर थी जो कि मानव के आदि से 1901 तक भारत में हो पायी थी। भारतवर्ष की जनसंख्या में 1901 - 1961 तक की अवधि में इतनी वृद्धि हो चुकी है जितनी कि भारतवर्ष की कुल जनसंख्या 1901 में थी। मानवता के प्रारम्भ से लेकर हमारी गिनती 1901 तक जितनी हो पायी थी उतनी गिनती में हम उसके बाद केवल 60 वर्ष में ही बढ़ गए। अनुमान है कि इस दर पर हमारी जनसंख्या लगभग 30 वर्ष में ही हर बार दुगनी होती चली जाएगी। इस प्रकार भारतवर्ष की जनसंख्या 2 हजार ईसवी तक ही 100 करोड़ हो जाएगी। हम यदि इस दर पर बढ़ते रहे तो 2060 ई0 में भारतवर्ष की जनसंख्या उतनी होगी जितनी कि 1970 में सम्पूर्ण दुनियाँ की जनसंख्या थी।

जनसंख्या की इस विकट समस्याओं को देखते हुए जनसंख्या को नियन्त्रण में करना होगा। इसमें महिलाओं की एक महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, तथा यह भी देखा गया है, कि शिक्षा प्रजननता के निर्धारण में एक महत्वपूर्ण कारक है इसलिए प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में इलाहाबाद नगर के परिपेक्ष्य में शिक्षित महिलाओं के प्रजननता सम्बन्धी विचारों का अध्ययन किया गया। अध्ययन में कार्यालयी महिलाओं एवं घरेलू महिलाओं का एक तुलनात्मक अध्ययन रखने का भी प्रयास किया गया है।

मेरे शोध विषय " शिक्षित महिलायें और प्रजननता " इलाहाबाद नगर के संदर्भ में महिला अध्यापिकाओं की समस्या जिसके पूरा होने में मेरे निर्देशक डा0 ए0 डी0 शर्मा, प्रोफेसर - अर्थशास्त्र के अविस्मरणीय व अबाध सहयोग, जिसे शब्द जाल के माध्यम से धन्यवाद की प्रक्रिया के उपरोक्त बाँधकर यह औपचारिकता पूरी कर पाना मेरी सामर्थ्य के परे है। डा0 शर्मा ने उस प्राचीन गुरू शिष्य

परम्परा को इस बीसवीं शताब्दी में भी प्रतिरूप देकर हमें इस प्रबन्ध के पूरा होने में जो योगदान दिया है, वह एक साक्षात् दृष्टान्त है। शोध समर्पित ऐसे गुरुवर्य को मेरा शत - शत नमन्।

विभाग के अन्य लोगों में प्रोफेसर डी0 एस0 कुशवाहा, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, डा0 बी.के. त्रिपाठी एवं उन सभी शिक्षकों की आभारी हूँ जिन्होंने प्रायः मुझे सहयोग प्रदान किया।

शोध हेतु प्रेरकों में मेरी माँ एवं पिता श्री जगदीश प्रसाद माथुर की विशेष भूमिका है, जिनके आशीर्वाद से यह शोध निर्विघ्न पूर्ण हुआ। उनसे सर्वथा ऐसे सहयोग की अपेक्षा करती रहूँगी।

शोध - प्रबन्ध के पुष्पित एवं पल्लवित होने में गुरू - पत्नी श्रीमती शैला शर्मा का अमित - स्नेह एवं सहयोग निश्चित रूप से अविस्मरणीय है।

मुझे एवं मेरे शोध - प्रबन्ध को एक नयी दिशा एवं आयाम प्रदान करने में अपने सहपाठी अनुसन्धानक डा0 शीलप्रिय त्रिपाठी एवं सुश्री मुकुल दुबे सदैव रत रहे, ऐसे समर्पित सहयोगियों को ढेर सी बधाइयाँ।

मेरे परिवार के सदस्यों में बड़ी बहन डा0 सुरभि माथुर, चिकित्साधिकारी, देहरादून, छोटी बहने सुश्री पूनम माथुर, शोध - छात्रा, वनस्पति विज्ञान, सुश्री रचना माथुर, शोध - छात्रा, अर्थशास्त्र, डा0 शैलेष चन्द्र सिन्हा, चिकित्साधिकारी, देहरादून एवं अनुज सुमित कुमार भी धन्यवाद के पात्र है।

शोध की सार्थकता हेतु डा0 आर0 के0 श्रीवास्तव, वरिष्ठ अनुसंधानक, वनस्पति विज्ञान, सहपाठी श्री योगेश चन्द्र मिश्र, शोध - छात्र , अर्थशास्त्र, सुश्री स्मिता शर्मा, श्री सुनील शर्मा एवं संजय महापात्र सहित वे सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने सहयोग एवं मंत्रणा दी।

नैतिक रूप से अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्व विद्यालय की आभारी हूँ, जिसकी पुस्तकालीय सहायता ने कार्य - सम्पादन में सहयोग दिया।

शोध - टंकण हेतु कु0 इन्दु एवं मेसर्स श्रीवास्तव थीसिस सेण्टर के प्रति भी आभार - प्रदर्शन है, जिन्होंने सुरुचिपूर्ण ढंग से कार्य - सम्पादित किया।

कल्पना माथुर

दिनांक	§ कल्पना माथुर §

फरवरी 9, 1987
इलाहाबाद

विषय अनुक्रमणिका

पृष्ठ-संख्या

---x---

सारिणी संख्या	सारिणी का नाम	पृष्ठ संख्या

सारिणी संख्या	सारिणी का नाम	पृष्ठ संख्या
14.6	पूर्ण परिवार वाली शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं की शिक्षा के अनुसार पहिले बच्चे व दूसरे बच्चे के मध्य आदर्श जन्म - अन्तराल का विभेदात्मक अध्ययन	291
14.7	पूर्ण परिवार वाली शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं की आयु के अनुसार दूसरे बच्चे व तीसरे बच्चे के मध्य जन्म - अन्तराल का विभेदात्मक अध्ययन	293
14.8	पूर्ण परिवार वाली शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं की आयु के अनुसार दूसरे बच्चे व तीसरे बच्चे के मध्य आदर्श जन्म - अन्तराल का विभेदात्मक अध्ययन	296
14.9	पूर्ण परिवार वाली शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं की शिक्षा के अनुसार दूसरे बच्चे व तीसरे बच्चे के मध्य जन्म - अन्तराल का विभेदात्मक अध्ययन	298
15.0	पूर्ण परिवार वाली शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं की शिक्षा के अनुसार दूसरे बच्चे व तीसरे बच्चे के मध्य आदर्श जन्म - अन्तराल का विभेदात्मक अध्ययन	300
15.1	पूर्ण परिवार वाली शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं की आयु के अनुसार तीसरे बच्चे व चौथे बच्चे के मध्य जन्म - अन्तराल का विभेदात्मक अध्ययन	302
15.2	पूर्ण परिवार वाली शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं की शिक्षा के अनुसार तीसरे बच्चे व चौथे बच्चे के मध्य जन्म-अन्तराल का विभेदात्मक अध्ययन	304
15.3	इलाहाबाद नगर की जनसंख्या वृद्धि (1853-1981)	341
15.4	इलाहाबाद नगर एवं जनपद की जनसंख्या वृद्धि	342
15.5	इलाहाबाद की विगत तीन जनगणना वर्षों में जनसंख्या संरचना	343
15.6	इलाहाबाद की ग्रामीण व नगरी जनसंख्या	344
15.7	धर्मानुसार जनपद की जनसंख्या - 1981	345
15.8	जनपद में मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थायें	346
15.9	साक्षरता एवं जनसंख्या घनत्व 1981	347
16.0	भारत की कुल जनसंख्या	348

अध्याय - 1

विषय - परिचय एवं अध्ययन का उद्देश्य

(INTRODUCTION AND OBJECT OF THE STUDY)

विषय परिचय

भारत में असीमित जनसंख्या वृद्धि होती जा रही है। यदि इस असीमित वृद्धि पर प्रभावपूर्ण अंकुश नहीं लगाया गया तो यह कहाँ तक बढ़ती जायेगी कहना कठिन है । जनसंख्या की समस्या देश और विश्व के सम्मुख उपस्थित अनेक चुनौतियों का अभिन्न अंग है । सीमित साधनों के माध्यम से असीमित जनसंख्या का भरण-पोषण करना असंभव सा है, फिर भी जो कुछ भी साधन उपलब्ध है, उसका अधिकतम प्रयोग एवं उसका लाभ हर नागरिक को प्रदान किया जाय इसके लिए आवश्यक है कि अब लोगों की संख्या में वृद्धि न हो अन्यथा लोगों के समस्त क्रिया कलाप संकुचित एवं अवरुद्ध हो जायेगें । स्वछन्दता एवं प्राकृतिक सौन्दर्य मात्र कैमरे की तस्वीर की परिधि एवं छायाकारों के छायांकन में ही सिमट जायेगी । आर्थिक विकास एकदम ठप्प हो जायेगा साथ ही साथ सभी शास्त्रों का मानव कल्याण उद्देश्य समाप्त होता नजर आयेगा जबकि आर्थिक विकास सर्वोत्तम गर्भ निरोधक साधन है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तियों का जितना अधिक बौद्धिक विकास होगा उतना ही उनके मन में छोटे परिवारों की आकांक्षा उत्पन्न होगी । सन्तति निरोध की प्रक्रिया स्वयमेव प्रचारित प्रसारित होगी । यह निः सन्देह सत्य है, कि हमारे देश में जनसंख्या विस्फोट चल रहा है, जिसके कारण हमारे आर्थिक विकास के लाभ कम हो गये हैं । राष्ट्र का भविष्य और जनसंख्या दोनों मानव कल्याण के लिए प्रश्न चिन्ह से बन गए हैं ।

भारत की जनसंख्या सम्बन्धी स्थिति वास्तव में बहुत भयानक है । भारतवर्ष की जनसंख्या 1971 की जनगणना के अनुसार 54.8 करोड़ थी । 1981 की जनगणना के अनुसार यह बढ़कर 68.4 करोड़ हो चुकी है । भारत से अधिक जनसंख्या वाला दुनिया में केवल एक ही देश है और वह है चीन । उत्तरी तथा दक्षिणी अमरीका दोनों की जनसंख्या मिलाकर भी भारत की

जनसंख्या से कम है । वास्तव में पृथ्वी पर लगभग हर सातवाँ व्यक्ति भारतीय है । × 1941 से लेकर 1971 तक के केवल 30 वर्षों में भारत की जनसंख्या वृद्धि उसकी उस जनसंख्या के बराबर थी जो कि मानव के आदि में 1901 तक भारत में हो पायी थी । 1941 में जनसंख्या 31.9 करोड़ थी जो कि 1971 में 54.8 करोड़ हो गयी और वृद्धि इस प्रकार 22.9 करोड़ हुई । 1901 भारत की कुल जनसंख्या लगभग 23.8 करोड़ थी । 1971-81 के दशक में भारत की जनसंख्या में 13.6 करोड़ वृद्धि हुई । 1971-1981 के दशक में भारत में जनसंख्या की दरउस वृद्धि की दर से लगभग पाँच गुनी है जो वृद्धि की दर भारत में ही वर्तमान शताब्दी के प्रारम्भ में थी । 1971-1981 के दशक में भारत की जनसंख्या की दर दुनियाँ की 1900-1950 की वृद्धि की दर का 2½ गुना रही है ।

जनसंख्या वृद्धि की दर केवल जन्म और मृत्यु दर पर ही निर्भर करती है । जन्म दर और मृत्यु दर का शुद्ध शेष ही वृद्धि दर के लगभग बराबर हो जायेगा । जन्म दर तथा मृत्यु दर के तेजी से बढ़ते हुए अन्तर के कारण जनसंख्या की वृद्धि की दर विस्फोटक आकार में बढ़ती रही है जिसके जनसंख्या विस्फोट की स्थिति पैदा हो गयी । अब हमारे सम्मुख प्रश्न है कि प्रजननता क्या है । "प्रजननता" से आशय स्त्रियों द्वारा पैदा किये जाने वाले जीवित शिशुओं की वास्तविक संख्या है । प्रजननता की आधारभूत धारणा एक जनसंख्या की उपलब्धि का वह वास्तविक स्तर है जो वास्तव में होने वाले जीवित शिशु - जन्म की संख्या पर आधारित है । प्रजननता (Fertility) बहुप्रजना (Feccundity) से सर्वथा भिन्न है। बहु प्रजना (Feccundity) स्त्रियों के अधिकतम शिशु पैदा करने की भौतिक

---

*Population of India & Pakistan - Devis Kingsley

क्षमता को व्यक्त करती है । प्रजनन मूलतर तीन बातों पर निर्भर रहता है वे तीनों निम्नलिखित है :-

1. प्रजनन की शक्ति
2. प्रजनन के अवसर
3. प्रजनन सम्बन्धी निर्णय लेना

जो कारक प्रजनन पर प्रभाव डालते हुए दृष्टिगोचर होते हैं वे प्रजनन पर अपना प्रभाव इन तीन प्राथमिक कारकों को प्रभावित करके ही डालते है । या तो वे प्रजनन के अवसर प्रदान करते हैं जैसे विवाह की आयु तथा सबका विवाह होना अथवा वे प्रजनन का इरादा बनाने या न बनाने में मदद करते हैं जैसे शिक्षा का स्तर, सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था का असंतोषजनक होना और बच्चों में लड़कों को अधिक महत्व दिया जाना ।

महिलाओं की शिक्षा व प्रतिष्ठा जिस समाज में कम होती है उस समाज में परिवार का आकार भी बड़ा रह सकता है । ऐसे समाज में बहुधा महिलाओं को बच्चा पैदा करने की मशीन समझ लिया जाता है । समाज न उनके कल्याण की चिन्ता करता है औरन उनके सुख की । न उसके स्वास्थ्य की और न ही उनके जीवन की । यदि समाज में महिलाएं शिक्षित हो तो ऐसा समाज उनके ऊपर बहुत सारी प्रसूतियों का भार नहीं डाल सकता । यदि उनकी शिक्षा व प्रतिष्ठा होगी तो उनकी सुविधा उनके सुख उनके स्वास्थ्य और उनके जीवन का महत्व होगा और फिर उनको बहुत सारे बच्चे पैदा करने के लिए विवश नहीं किया जा सकता । इन्हीं विचारों एवं मानव कल्याण के अहम प्रश्नों की उपयोगिता एवं अनिवार्यता को शोध प्रबंध अध्ययन में रखने का प्रयास किया गया है ।

अध्ययन का उद्देश्य

शोध अध्ययन का मूल उद्देश्य इलाहाबाद नगर की शिक्षक महिलाओं के प्रजननता सम्बन्धी विचारों एवं प्रजनन सम्बन्धी स्वयं के परिवार की स्थिति का अध्ययन है । शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकती हैं । उनके ऊपर न केवल नयी पीढ़ी के निर्माणका दायित्व है, अपितु इनके साथ अपने घर परिवार के सुख एवं समृद्धि का प्रश्न भी जुड़ा हुआ है । शिक्षक महिलाएं जहां प्रजननता के प्रश्न पर आंशिक सहयोग प्रदान कर सकती हैं, वहां अपने गुरूत्तर दायित्व को निभाते हुए इस दिशा में पूर्ण सहयोग प्रदान कर सकती हैं, ।क्योंकि आज प्रारम्भिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक पाठ्यक्रम में जनसंख्या शिक्षा में समावेश किया जा चुका है। शिशु अपने जन्म विकास एवं प्रगति के सभी सोपान परिवार में ही चढ़ने का प्रयास करता है,और ममतामयी माँ के रूप में नारी परिवार का केन्द्र बिन्दु है ।

× प्रोधान का विचार था कि जो महिलाएं सामाजिक और बौद्धिक कार्यों में लगी रहती हैं, उनमें मातृत्व की इच्छा भी उतनी प्रबल नहीं रह जाती कून्ज के अनुसार महिलाओं की अधिक शिक्षा व प्रतिष्ठा के साथ -साथ परिवार का आकार घटता है । जो महिलाएं नौकरी करती हैं उनके परिवार निश्चय ही उन महिलाओं से छोटे होते हैं, जो नौकरी नहीं करती । फैल्पस ,हैन्डरसन स्वैंग्लर, कोल ,हूबर तथा कून्ज इसी विचार के समर्थक हैं । मत यह है कि जो स्त्री घर में काम करती हैं उसके लिए बच्चे पैदा करना और पालना घर के काम के सम्बन्ध में कठिनाई पैदा नहीं करता । किन्तु उन स्त्रियों के लिए जो घर के बाहर काम करती हैं,अधिक बच्चे पैदा करना और पालना असुविधाजनक हो जात है ।×

डा० अनूप दत्त शर्मा " भारत में अत्यन्त ऊँची जन्म दर कारण और निवारण " 1982 .

अध्ययन का उद्देश्य

शोध अध्ययन का मूल उद्देश्य इलाहाबाद नगर की शिक्षक महिलाओं के प्रजननता सम्बन्धी विचारों एवं प्रजनन सम्बन्धी स्वयं के परिवार की स्थिति का अध्ययन है । शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकती हैं । उनके ऊपर न केवल नयी पीढ़ी के निर्माणका दायित्व है, अपितु इनके साथ अपने घर परिवार के सुख एवं समृद्धि का प्रश्न भी जुड़ा हुआ है । शिक्षक महिलाएं जहां प्रजननता के प्रश्न पर आंशिक सहयोग प्रदान कर सकती हैं, वहां अपने गुरूत्तर दायित्व को निभाते हुए इस दिशा में पूर्ण सहयोग प्रदान कर सकती हैं, ।क्योंकि आज प्रारम्भिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक पाठ्यक्रम में जनसंख्या शिक्षा में समावेश किया जा चुका है। शिशु अपने जन्म विकास एवं प्रगति के सभी सोपान परिवार में ही चढ़ने का प्रयास करता है,और ममतामयी मां के रूप में नारी परिवार का केन्द्र बिन्दु है ।

× प्रोधान का विचार था कि जो महिलाएं सामाजिक और बौद्धिक कार्यों में लगी रहती हैं, उनमें मातृत्व की इच्छा भी उतनी प्रबल नहीं रह जाती । कून्ज के अनुसार महिलाओं की अधिक शिक्षा व प्रतिष्ठा के साथ -साथ परिवार का आकार घटता है । जो महिलाएं नौकरी करती हैं उनके परिवार निश्चय ही उन महिलाओं से छोटे होते हैं, जो नौकरी नहीं करती । फैल्पस ,हैन्डरसन , स्वैंगलर, कोल ,हूबर तथा कून्ज इसी विचार के समर्थक हैं । मत यह है कि जो स्त्री घर में काम करती हैं उसके लिए बच्चे पैदा करना और पालना घर के काम के सम्बन्ध में कठिनाई पैदा नहीं करता । किन्तु उन स्त्रियों के लिए जो घर के बाहर काम करती हैं,अधिक बच्चे पैदा करना और पालना असुविधाजनक हो जाता है ।×

डा० अनूप दत्त शर्मा " भारत में अत्यन्त ऊँची जन्म दर कारण और निवारण " 1982 .

शिक्षक महिलाएं छोटे एवं सुखी परिवार की संकल्पना का मूर्ति रूप देते हुए बालक एवं बालिकाओं के व्यक्तित्व सर्वांगीण विकास में अपना सार्थक सहयोग प्रदान करेगीं । निर्विवाद रूप से इस सत्य को सिद्ध करने हेतु ही मैंने अपनी शोध विषय का शीर्षक " शिक्षक महिलाएं और प्रजननता " चुना है ।

अध्याय – 2

क्षेत्र एवं शोध – विधि

(PREMISES AND METHODOLOGY)

शोध क्षेत्र

प्रस्तुत शोध " शिक्षक महिलायें और प्रजननता " का अध्ययन है। इलाहाबाद नगर के संदर्भ में होने के कारण मनुष्य के प्रजननता – व्यवहार एवं मानवीय निर्णय के साथ शोध उपोदयता की अभिव्यक्ति है ।

इलाहाबाद जिले का मुख्यालय एवं सबसे बड़ा नगर है। यह गंगा यमुना के संगम पर बसा है। इसे तीर्थराज प्रयाग भी कहते है । प्राचीन काल में यहाँ गंगा यमुना और सरस्वती नदियाँ मिलती थी । इन तीन नदियों के मिलने के कारण ही इसका संगम स्थल " त्रिवेणी "कहलाता है । सरस्वती नदी अब लुप्त हो चुकी है गंगा यमुना नदी के संगम एवं अदृश्य सरस्वती के आंचल में प्रकृति द्वारा बसाया गया यह नगर $25^{0}22^{0}$ एवं $25^{0}30^{0}$उत्तरी आक्षांस तथा $81^{0}45^{0}$ एवं $81^{0}55^{0}$ पूर्वी देशान्तर रेखा पर स्थित है । 7261 वर्ग किमी के विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ यह नगर आकार की दृष्टि से प्रदेश में नवें स्थान पर है । सामान्यतः जलवायु जाड़े में अधिक ठंड एवं गर्मी में अधिक गर्मी पड़ती है । नगर की सामान्य वर्षा 976 मिली तथा उच्चतम तापमान 46.7 सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 5.2 सेन्टीग्रेट × अंकित की गयी है।

नगर की यातायात एवं परिवहन संचार व्यवस्था उन्नतशील है । इलाहाबाद उत्तर मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे का महत्त्वपूर्ण जंक्शन है । उत्तर की ओर फैजाबाद, उत्तर पूर्व की ओर जौनपुर वाराणसी, पूर्व की ओर हावड़ा, पश्चिम की ओर दिल्ली एवं उत्तर पश्चिम की ओर रायबरेली, लखनऊ भारतीय रेल इलाहाबाद को जोड़ती है । मध्य रेलवे इलाहाबाद को बम्बई से एवं पूर्वोत्तर

× सांखियकीय पत्रिका, जनपद इलाहाबाद , 1984, राज्य नियोजन संस्थान अर्थ एवं संख्या प्रभाग , 30 पृ0

MACPHARSON LAKE
CANTONMENT
Golf Club
NAVADA
Sapru Hospital
CANTONMENT
CHILLA
SHIV KUTI
M N Engineering College
Mumfordganj
Tej Bahadur Sapru Hospital
Muir Road
U P Tourist Office
Stanley Road
Lawrence Road
M. E. S. Bungalow
Service Selection Board
HIGH COURT
Aerodrome Barracks
To Kanpur
Grand
I.D.C. Installation
Jeep Flash Light Industries
A. I. R.
Telephone Exchange
Hastings Road
Circuit House
A. G. Office
Y. M. C. A.
Sarojini Naidu Marg
Education Board
Govt. Press
Tashkent Marg
Tej Bahadur Sapru Road
Kasturba Gandhi Marg
State Bank of India
KATRA
Ram Narain Road
ALLAHABAD UNIVERSITY
Purushottamdas
G. P. O.
Shasheri Road
Railway Service Commission
U P Public Service Commission
Barnett's Hotel
CIVIL LINES
Police Station
Telegraph Office
Royal Hotel
Nagar Mahapalika Office
Gaddands (Cutlery)
Tourist Bungalow
L I C
I T O
Kamla Nehru Marg
ALFRED PARK
MUSEUM
Panna Lal Road
ANAND BHAWAN
BHARDWAJ ASHRAM
Prayag Sangeet Samiti
STADIUM
Kamla Nehru Hospital
Trunk
N. Rly Line
Subedarganj Rly Station
SUBEDARGANJ
Saraiaqil Road
KHUSRO BAGH
Rly Station
Smith Road
Nawab Yusuf Road
Allahabad Jn.
Leader Road
Gulab Mansions
Power House
Medical College
Sarup Rani Hospital
Motilal Nehru Road
TagoreTown
NAAG BASUKI TEMPLE
GANGA RIVER
North Malaka
South Malaka
CHOWK
GRAND
TRUNK
ROAD
K. P. College
Allahabad City Rly Station
Rambagh Station
N. E. R.
Pt. Madan Mohan Malviya Marg
Alopi Bagh Road
Chaddha Road
Atarsuiya
Kalyani Devi
Malviya Road
Mutthiganj
Naroulllah Road
Tilak Road
Swami Vigyanand Road
G T Road
TRIBENI ROAD
Minto Park
CANTONMENT
Kumbh Mela Ground
Daraganj Rly Station
To Varanasi
Karela Bagh Pumping Set
Kidganj
Jamuna Bank Road
Fort Rly. Station
Fort
RIVER YAMUNA
NAINI
YAMUNA RIVER
SANGAM
To Rewa Bombay
To Bombay
To Calcutta
To Mirzapur & Calcutta
Naini Industrial Colony

DISTRICT ALLAHABAD
DISTRICT PRATAPGARH
DISTT. JAUNPUR
DISTRICT VARANASI
DISTRICT MIRZAPUR
MADHYA PRADESH
ALLAHABAD
SIRATHU
MANJHANPUR
SORAON
PHULPUR
HANDIA
KARCHHANA
MEJA
Population

रेलवे , इलाहाबाद के रामबाग रेलवे स्टेशन को वाराणसी से जोड़ती है। भारत के वायु मानचित्र में इलाहाबाद भी अंकित है, जिसका बमरौली हवाई अड्डा सैनिक एवं असैनिक दोनो दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है । नगर के दर्शनीय स्थल जिसमें एलफ्रेड पार्क ,जवाहर प्लेनेटेरियम, भारद्वाज आश्रम , नरायण आश्रम , बड़े हनुमान जी का मंदिर , नागबासुकी का मंदिर , अलोपी देवी का मंदिर, किला, खुसरूबाग, आन्नद भवन, नेहरू बाल भवन, हाईकोर्ट देखने योग्य है ।

शैक्षिक जगत में इलाहाबाद का अपना विशिष्ट स्थान रहा है । साहित्य संगीत एवं कला के क्षेत्र में अग्रणी यह नगर क्रान्ति का प्रतीक माना जाता है । नगर की साक्षरता में भी बृद्धि हुयी है। नगर की गौरवमयी परम्परा को स्थापित किये हुए यह नगर विभिन्न शैक्षिक एवं शोध अनुसन्धानों से युक्त है , जहाँ एक विश्वविधालय , 13 महाविधालय , 1 इंजीनियरिंग कालेज , 1 मेडिकल कालेज, 1 पॉलीटेक्नीक, 1 एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट , 53 हाईस्कूल एवं इंटरमीडियेट कालेज जिसमें 24 बालिकाओं के एवं बड़ी संख्या में विभिन्न शैक्षिक स्तर के विद्यालय है x

राष्ट्रभाषा हिन्दी का प्रचार करने में संलग्न हिन्दी साहित्य सम्मेलन भी अपना अमूल्य योगदान दे रहा है । विद्वानों , कवियों, तथा साहित्यकारों की अटूट परम्परा नगर के गौरव में बृद्धि करती रही है । नगर क्षेत्र में कुमारिल भट्ट तथा शंकराचार्य की वाणी ने अपना प्रभाव दिखाया और सूर्यकान्त त्रिपाठी "निराला" , सुमित्रा नन्दन पन्त तथा महादेवी वर्मा जैसे सरस्वती के अमर गायकों की त्रिवेणी का भी स्थल बनाया ।

इलाहाबाद नगर का राजनैतिक महत्व भी कम नही है, प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने कौशाम्बी में ही अपना शिलालेख खुदवाया था, बाद में इसे वहाँ से लाकर इलाहाबाद के किले में स्थापित किया गया । किले का निर्माण अकबर

---

x सांख्यिकीय पत्रिका ,जनपद इलाहाबाद, 1984 राज्य नियोजन संस्थान

ने करवाया था । इस किले में स्थित अक्षयवट, अशोक स्तम्भ आदि प्राचीनता का बोध कराते है । नगर का ऐतिहासिक स्थल खुसरूबाग है । यह नगर देश के स्वतन्त्रता संघर्ष का महत्वपूर्ण स्थल रहा है । पं0 मोती लाल नेहरू , महामना मदनमोहन मालवीय , राजर्षि पुरूषोत्तम दास टंडन , पं0 जवाहर लाल नेहरू तथा अन्य स्वतन्त्रता सेनानियो ने नगर को केन्द्र बनाकर स्वतन्त्रता आन्दोलन का संचालन किया । देश को पं0 जवाहर लाल नेहरू , श्री लाल बहादुर शास्त्री और इन्दिरा गाँधी के रूप में प्रधानमंत्री देने वाला इलाहाबाद नगर ही है ।

शोध विधि

शोध विषय शिक्षक महिलायें और प्रजननता को इलाहाबाद नगर के संदर्भ में अध्ययन किया जायेगा । इलाहाबाद नगर के विभिन्न शैक्षिक स्तरीय विधालयों , माध्यमिक विधालयों एवं महाविधालयों की महिला अध्यापिकाओं की प्रजननता व्यवहार का अनुभवगम्य अध्ययन होगा । अनुभवगम्य अध्ययन में महत्वपूर्ण रूप से वैचारिक अध्ययन एवं परिकल्पनाओं का वास्तविक सर्वेक्षण धरातल पर अध्ययन महत्वपूर्ण है । वैचारिक अध्ययन में अध्ययन हेतु पुस्तकालय कार्य, विभिन्न विद्वानों चिन्तकों एवं अर्थशास्त्रिओं के विचारों का अध्ययन होगा जो निश्चित रूप से शोध परिकल्पनाओं को दिशा निर्देशित करते हुए प्रत्यक्षतः सर्वेक्षण विधि द्वारा वास्तविकता परीक्षण हेतु प्रेरित करेगें ।

शोध सम्बन्धी तथ्यों की खोज के लिए अनुसंधान की विभिन्न पद्धतियों में से प्रश्नावली पद्धति का चुनाव किया ।

प्रश्नावली पद्धति में विशेष प्रयोजन से निर्मित प्रश्नों की एक व्यवस्थित तालिका होती है , जिसके द्वारा विषय वस्तु से सम्बन्धित सूचनाएं प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होती है । इस अधार पर यह कह सकते है , प्रश्नावली तथ्यों को एकत्रित करने का उचित माध्ययम है ।

शोध अध्ययन में संरचित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है । जिसमें

अनुसंधान से पूर्व ही प्रश्नावली का निर्माण किया और कुछ प्रश्नावलियाँ पायलेट सर्वे के द्वारा भरवाई गयी उनकी भरी हुयी प्रश्नावली द्वारा प्राप्त उत्तरों के सत्य प्रमाणित होने पर उसी प्रकार 855 प्रश्नावली विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के मान्यता प्राप्त विद्यालयों से भरवाई गयी । प्रयोग की गयी प्रश्नावली मिश्रित प्रश्नावली है जो कि प्रतिबन्धित प्रश्नावली जिसमें प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके संभावित उत्तर दिए रहते हैं उत्तरदाता इसी में से अपने उत्तर का चुनाव करता है , जिसके परिणाम स्वरूप प्राप्त सामग्री के वर्गीकरण में सुविधा रहती है , और वर्गों का विभाजन भी पूर्व निश्चित रहता है । अप्रतिबन्धित प्रश्नावली के अन्तर्गत शीर्षक सम्बन्धी विचारों आदि को उत्तरदाता स्वतन्त्र रूप से व्यक्त कर सकता है । अतः मिश्रित प्रश्नावली सर्वेक्षण द्वारा अधिक सत्य तथ्यों की प्राप्ति हुयी ।

प्रश्नावली निर्माण तथा उसके प्रयोग के पश्चात सैम्पिल का चुनाव किया गया जिसमें मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची प्राप्त की गयी , इसके बाद प्रत्येक विद्यालय की पंजिका में वर्णानुसार रैन्डम सैम्पिल पद्वति की लाटरी विधि द्वारा सैम्पिल का चुनाव किया गया । रैन्डम पद्वति के अन्तर्गत चुनाव करने वाला स्वेच्छा से किसी इकाई का चुनाव कर सकता संयोग तथा अवसर से जो इकाई निर्देशन मे स्थान प्राप्त करती है, उसी का अध्ययन किया जाता है प्रस्तुत अनुसंधान में 20% का सैम्पिल लिया गया । लाटरी विधि द्वारा वर्णानुसार लिखी गयी समग्र की सभी इकाईयों को छोटे -2 कागज पर लिख कर उनकी गोलियाँ बना ली गयी फिर प्रत्येक मे से प्रतिदर्श की इकाई 20% के अनुसार कागज की उतनी गोलियों को निकाल लिया।

प्रतिदर्श चुनाव के बाद सारणीयन किया जिसमे वर्गीकरण के माध्यम से बिखरी हुयी संकलित सामग्री को एक व्यवस्थित रूप दिया गया । इस प्रकार सारणीयन के द्वारा शोध सामग्री को व्यवस्थित करने के पश्चात उसकी व्याख्या की और अन्त में की गयी व्याख्या के आधार पर शोध के निष्कर्ष निकाले । शिक्षक महिलाओं के प्रजननता व्यवहार के साथ - साथ एक तुलनात्मक अध्ययन हेतु नगर

की कार्यालयी महिलाओं एवं घरेलू महिलाओं का भी अध्ययन होगा जो शिक्षक महिलाओं के प्रजननता व्यवहार में वास्तविक एवं अपेक्षित परिवर्तन का सूचक होगा ।

अध्याय - 3

" परिकल्पना "

(HYPOTHESIS)

परिकल्पना

शोध समस्या , शिक्षक महिलायें और प्रजननता को इलाहाबाद नगर के संदर्भ में अध्ययन किया जायेगा । इसके लिए द्वितीयक आँकड़ो के साथ -2 प्राथमिक समंको के द्वारा अध्ययन धरातल निर्मित होगा । परिकल्पानाओं के परीक्षण हेतु सर्वेक्षण विधि में अनुसूची - प्रश्नावली पत्रक का आश्रय लेना पड़ेगा । इसके लिए हम सर्वप्रथम एक Tentative प्रायौगिक पत्रक , विभिन्न पुस्तकों व शोध अनुसन्धान की सहायता से बनायेगे तत्पश्चात कुछ शिक्षक महिलाओं से उन्हें पूरित करवायेगे , उसमें हम देखेंगे कि उन्हें आसानी व सफलतापूर्वक भरने में जो कमियाँ हमे दृष्टिगोचर होगी उनका सुधार करके प्रश्नावली पत्रक बनायेगे ।

परिकल्पना के निर्माण के लिए अर्थशास्त्रियों , समाजशास्त्रियों एवं वैज्ञानिकों के विचारों एवं स्वयं शोधकर्ता के चिन्तन मनन विभिन्न पुस्तकालयों, पायॅलेट सर्वेक्षण के द्वारा परिकल्पना बनायी गयी है ।

विभिन्न पुस्तकालयों में विभागीय पुस्तकालय, अर्थशास्त्र विभाग , इलाहाबाद विश्वविद्यालय, केन्द्रीय पुस्तकालय, राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय जनसंख्या केन्द्र, लखनऊ से सम्बन्धित अध्ययन किया गया है । पुस्तकालय कार्य के साथ विभिन्न विद्वानों के सम्बन्धित कार्यों का अध्ययन किया गया है जिसमें महत्वपूर्ण रूप से जार्ज डब्लू , बर्कले, डेविस किग्सले , कुमुदिनी डाडिकर, प्रो० एस० एन० अग्रवाल , एम०सी० श्रीवास्तव , डेविड एम० हीर, ग्रनार मिर्डल, विलियम पिटर्सन, माल्पस, चन्द्रशेखर और चन्द्रशेखरन , हैन्डरसन , कारसौन्र्डस आदि है ।

विभिन्न तीन चरणों की शोध प्रक्रिया से आगे बढ़ने पर परिकल्पनाओं का निर्माण हुआ, जिसका परीक्षण इलाहाबाद नगर में किया जायेगा । ये परिकल्पना इस प्रकार है --

1. शिक्षा के स्तर में वृद्धि होने के साथ प्रजननता घटती है । इस प्रकार शिक्षा तथा प्रजनन दर में प्रत्यक्ष सम्बन्ध है ।

2. शैक्षिक स्तर एवं विवाह की आयु में प्रत्यक्ष सम्बन्ध है, जिनके कारण प्रजननता प्रभावित रहती है ।

3. विवाह के समय आयु एवं प्रजननता में ऋणात्मक एवं प्रत्यक्ष सम्बन्ध है ।

4. दहेज की वजह से विवाह की आयु बढ़ती है ।

5. रहन सहन का स्तर एवं प्रजननता में प्रत्यक्ष सम्बन्ध होता है ।

6. व्यवसायिक संरचना प्रजननता को प्रभावित करती है ।

7. अधिकांशतः जनसंख्या के ग्रामीण होने से लोगो में अंधविश्वास, रूढ़िवादिता धर्मान्धता एवं भाग्यवाद की परम्परायें लोगो में व्याप्त है ।

8. विभिन्न धर्मों में प्रजननता के प्रति विभिन्न धारणायें पायी जाती है। हिन्दू धर्म में परिवार नियोजन की सहमति तथा इस्लाम धर्म में असहमति पायी जाती है । स्वैच्छिक संस्थाए परिवार नियोजन के क्षेत्र में विशेष भूमिका निभा सकती है ।

9. शिक्षक महिलायें समाज में आदर्श वर्ग की श्रेणी मे आती है ।

10. शिक्षक महिलाओं के विचारो का विधार्थियों, सहकर्मियों एवं अन्य सम्बन्धित लोगो पर प्रभाव पड़ता है ।

11. शिक्षक वर्ग का अत्याधिक समाजिक सम्पर्क होने के कारण जनसमुदाय पर एवं विशेषकर छात्र एवं छात्राओं एवं महिलाओं पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है ।

12. समाज में एवं विशेषकर शिक्षिकाओं में परिवार नियोजन के विचार से सहमत होने का कारण शिक्षा, आर्थिक, बच्चों का उचित पालन पोषण एवं महिलाओं का कल्याण है ।

13. जनसंख्या शिक्षा से परिवार नियोजन को प्रोत्साहन मिला है ।

14. शिक्षक वर्ग परिवार नियोजन को जन कार्यक्रम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है

15. प्रजनन मूलतः तीन बातों पर निर्भर होता है
    1. प्रजनन की शक्ति
    2. प्रजनन के अवसर
    3. प्रजनन सम्बन्धी निर्णय लेना

16. औद्योगिकरण एवं नगरीकरण प्रजननता को प्रभावित करती है

17. लड़कों को समाज में अधिक महत्व दिये जाने के कारण प्रजननता बढ़ती है।

13. जनसंख्या शिक्षा से परिवार नियोजन को प्रोत्साहन मिला है ।

14. शिक्षक वर्ग परिवार नियोजन को जन कार्यक्रम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है

15. प्रजनन मूतर तीन बातों पर निर्भर होता है
    1. प्रजनन की शक्ति
    2. प्रजनन के अवसर
    3. प्रजनन सम्बन्धी निर्णय लेना

16. औद्योगिकरण एवं नगरीकरण प्रजननता को प्रभावित करती है

17. लड़को को समाज में अधिक महत्त्व दिये जाने के कारण प्रजननता बढ़ती है।

अध्याय - 4

न्यादर्श - वितरण

(SAMPLE-DISTRIBUTION)

न्यादर्श – वितरण

हमने इस अध्ययन के लिए 20 % न्यादर्श लिया । इसके लिए शिक्षा निदेशक के कार्यालय से मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची प्राप्त करके हमने न्यादर्श लिया । हमने विभिन्न चरों के अनुसार न्यादर्श का वितरण किया है । ये विभिन्न चर निम्न हैं :-

शैक्षिक स्तर

आयु वर्ग

धर्म

विवाह के समय आयु

कार्यकाल का विवरण

सारिणी संख्या 1.0

आयु वर्ग के अनुसार न्यादर्श का वितरण

आयु वर्ग	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
18 – 20	17	1.99
20 – 25	67	6.84
25 – 40	469	54.85
40 – 50	218	25.50
50 से अधिक	82	09.59
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 1.0 में आयु-वर्ग के अनुसार न्यादर्श का वितरण प्रदर्शित है। आयु वर्ग के अनुसार न्यादर्श के वितरण में शिक्षक महिलायें की आयु को पाँच वर्गों में विभक्त किया गया है। सम्पूर्ण न्यादर्श में शिक्षक महिलाओं की कुल संख्या 855 है, जिसमें 18–20 आयु वर्ग में 17 (1.99%), 20–25 आयु वर्ग में 67 (7.84%), 25–40 आयु वर्ग में 469 (54.85%) , 40–50 आयु वर्ग में218 (25.50%), एवं 50 वर्षों से अधिक आयु वर्ग की शिक्षक महिलायें की संख्या 82 (9.59%) हैं।

उपर्युक्त सारिणी से स्पष्ट है, कि 25–40 आयु वर्ग में शिक्षक महिलाओं की संख्या सर्वाधिक 469 (54.85%) रही तथा (18–20) वर्षों की आयु में न्यूनतम रही ।

सारणी संख्या 1.1

शैक्षिक स्तर के अनुसार न्यादर्श का वितरण

शैक्षिक स्तर	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
जूनियर हाई स्कूल	6	0.6
इण्टरमीडिएट	157	18.4
स्नातक	256	29.9
स्नातकोत्तर	421	49.2
डी०फिल० एवं अन्य	15	1.8
योग	855	100.0

सारिणी संख्या 1.1 में शैक्षिक स्तर के अनुसार न्यादर्श का वितरण प्रदर्शित है। न्यादर्श के वितरण में विभिन्न शैक्षिक स्तर को पाँच स्तरों जूनियर हाई स्कूल , इण्टरमीडियेट, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डी०फिल० स्तर में विभक्त किया गया है । सम्पूर्ण न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है, जिसमें जूनियर हाई-स्कूल स्तरीय शिक्षक महिलाओं की संख्या 6, §0.6%§, इण्टरमीडियेट 157, §18.4%§, स्नातक 256, §29.9%§, स्नातकोत्तर 421, §49.2%§ , एवं डी०फिल० स्तरीय शिक्षक महिलाओं की संख्या 15, §1.8%§ है।

सारिणी से स्पष्ट है, कि सर्वाधिक 421, §49.2%§ शिक्षक महिलायें स्नातकोत्तर है, लेकिन सर्वाधिक शिक्षित डी०फिल० स्तरीय शिक्षक महिलायें की संख्या 15, §1.8%§ है। सर्वाधिक निम्न शैक्षिक स्तरीय मात्र 6 §0.6%§, जूनियर हाई स्कूल स्तरीय शिक्षिकायें हैं।

सारिणी संख्या 1.2

शिक्षक महिलाओं की विवाह की आयु के अनुसार न्यादर्श का वितरण

विवाह की आयु (वर्ष में)	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
15 वर्ष से नीचे	31	3.62
15 - 18	148	17.31
18 - 21	141	16.49
21 - 25	227	26.55
25 - 30	119	13.92
30 वर्ष से अधिक	22	2.57
अविवाहित	167	19.53
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 1.2. में शिक्षक महिलाओं की विवाह की आयु के अनुसार न्यादर्श का विवरण प्रदर्शित है । 15 वर्ष से नीचे विवाह की आयु की शिक्षक महिलायें 31(3.62%), 15-18 वर्ष की 148 (17.31%), 18-21 वर्ष की 141 (16.49%), 21-25 वर्ष की 227(26.55%), 25-30 वर्ष की 119(13.92%), 30 वर्ष से अधिक विवाह की आयु वाली शिक्षक महिलायें 22 (2.57%) तथा अविवाहित शिक्षक महिलायें 167(19.53%) है ।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, कि अधिकतर शिक्षक महिलाओं की विवाह की आयु 21-25 वर्ष तथा सबसे कम 30 वर्ष से अधिक है ।

सारिणी संख्या 1.3

कार्य – काल के अनुसार न्यादर्श का वितरण

कार्य–काल का विवरण	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
0 – 5	195	22.8
5 – 10	119	13.98
10 – 15	200	23.39
15 – 20	171	20.00
20 वर्ष से अधिक	170	19.99

सारिणी संख्या 1.3 में कार्य–काल के अनुसार न्यादर्श का वितरण प्रदर्शित है। कार्य–काल के अनुसार न्यादर्श के वितरण में कार्य–काल को पाँच वर्ग अन्तरालों में विभाजित किया गया है। सम्पूर्ण न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें हैं। 0–5 वर्ष की कार्य–काल की अवधि में शिक्षक महिलायें की संख्या 195 §22.8%§ , 5–10 वर्ष की कार्य–काल की अवधि में 119 §13.98%§, 10–15 वर्ष की अवधि में 200 §23.39%§, 15–20 वर्ष की कार्य–काल की अवधि में 171 §20.00%§ , 20 वर्ष से अधिक कार्य–काल की अवधि में शिक्षक महिलायें की संख्या 170 § 19.99%§ है।

अतः 10–15 वर्ष की अवधि में शिक्षक महिलायें की संख्या सबसे अधिक 200 §23.39%§ तत्पश्चात 0–5 वर्ष की कार्य–काल की अवधि 195 §22.8%§, 15–20 वर्ष की अवधि में 171, 20 वर्ष से अधिक कार्य–काल की अवधि में 170 तथा सबसे कम 5–10 वर्ष की अवधि में शिक्षक महिलायें की संख्या 119§13.98%§ है।

सारिणी संख्या 1.4

धर्म के अनुसार न्यादर्श का वितरण

धर्म	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
हिन्दू	724	84.68
मुसलमान	68	7.96
ईसाई	37	4.32
सिक्ख	21	2.45
अन्य	5	0.59
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 1.4 में धर्म के अनुसार न्यादर्श का वितरण प्रदर्शित है। धर्म के अनुसार न्यादर्श के वितरण में धर्म को पाँच भागों , हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, सिक्ख, एवं अन्य धर्म में विभाजित किया गया है। सम्पूर्ण न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है, जिसमें से 724 §84.68%§ हिन्दू, 68 §07.96%§ मुसलमान, 37 §04.32%§ ईसाई, 21 §02.45%§ सिक्ख, 5 §0.59%§ अन्य §जिसमें पिछड़ी जाति व नीची जाति § की शिक्षक महिलायें हैं।

सर्वाधिक शिक्षक महिलायें हिन्दू 724 §84.68%§ तत्पश्चात 68 §07.96%| शिक्षक महिलायें मुसलमान , 37 §04.32%§ ईसाई, 21 §.2.45%§ सिक्ख न्यूनतम शिक्षक महिलायें 5 §0.59%§ अन्य धर्म की है ।

अध्याय - 5

उपपत्ति

(FINDINGS)

§अ§ शिक्षक महिलायें

§ब§ शिक्षक महिलायें एवं पूर्ण परिवार

§स§ शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलायें

§द§ शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलायें - पूर्ण परिवार

सारिणी संख्या 1·5

शिक्षक महिलाओं के परिवार नियोजन के विषय में सहमति तथा असहमति

परिवार नियोजन के विषय में विचार	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
सहमत	846	98·95
असहमत	9	1·05
योग	855	100·00

सारिणी संख्या 1·5 में शिक्षक महिलाओं की परिवार नियोजन के विषय में सहमति तथा असहमति का अध्ययन किया गया है। सम्पूर्ण न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है, जिसमें 846 (98·95%) शिक्षक महिलायें सहमत तथा मात्र 9 (1·05%) असहमत है ।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, कि परिवार नियोजन के विचार से अधिकांश शिक्षक महिलायें सहमत तथा बहुत कम शिक्षक महिलायें असहमत है, इनके असहमत होने का कारण सम्भवतः उनका धर्म हो सकता है ।

सारिणी संख्या 1.6

शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन के विषय में सहमति एवं असहमति

वैचारिक सहमति / आयु-वर्ग	सहमत	असहमत	योग
20-30	222§25.96§ 100.00	-	222§25.96§ 100.00
30-40	326§38.13§ 99.69	1§0.12§ 0.31	327§38.25§ 100.00
40-50	220§25.73§ 98.65	3§0.35§ 1.35	223§26.08§ 100.00
50-60	78§9.12§ 93.98	5§0.58§ 6.02	83§9.71§ 100.00
योग	846§98.95§	9§1.05§	855§100%§

सारिणी संख्या 1.6 में शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन के विषय में सहमति एवं असहमति प्रदर्शित है। 20-30 आयु वर्ग में शत प्रतिशत शिक्षक महिलायें सहमत, 30-40 आयु वर्ग में 99.7% सहमत, 40-50 में 97%, 50-60 में सबसे कम 94% सहमत है, असहमत होने वाली शिक्षक महिलायें मात्र 1% है जिसमें 65% 50-60 आयु वर्ग की है तथा 20-30 आयु वर्ग में कोई भी महिला असहमत नहीं है।

सारिणी संख्या 1.7

शिक्षक महिलाओं की शिक्षा के अनुसार परिवार नियोजन के विषय में सहमति एवं असहमति

वैचारिक सहमति / शिक्षा	सहमत	असहमत	योग
जूनियर हाई स्कूल	4§0.47§ 66.67	2§0.23§ 33.33	6§0.70§ 100.00
हाई स्कूल	48§5.61§ 94.12	3§0.35§ 5.88	51§5.96§ 100.00
इण्टर मीडिएट	104§12.16§ 98.11	2§0.23§ 1.89	106§12.39§ 100.00
स्नातक	255§29.82§ 99.61	1§0.12§ 0.39	256§29.94§ 100.00
स्नातकोत्तर	420§49.12§ 99.76	1§0.12§ 0.24	421§49.24§ 100.00
डी0 फिल0	15§1.75§ 100.00	-	15§1.75§ 100.00
योग	846§98.95§	9§1.05§	855§100%

शिक्षक महिलाओं की शिक्षा स्तर के अनुसार परिवार नियोजनके विषय में उनकी सहमति एवं असहमति को देखने पर उपर्युक्त सारिणी से स्पष्ट होता है कि, 99% विभिन्न धर्मानुयायी शिक्षक महिलायें परिवार नियोजन के विचार से सहमत है। सारिणी से स्पष्ट है कि स्नातक स्तर से अधिक शिक्षितों में शत प्रतिशत एवं उससे नीचे क्रमशः सहमत स्तर गिरा है। असहमतों में शिक्षित महिलायें अधिक है। यधपि उनकी अधिकता की महत्ता अत्यधिक नहीं हैं फिर भी नगण्य नहीं कहा जा सकता।

सारिणी संख्या । 8

शिक्षक महिलाओं की वैवाहिक स्थिति के अनुसार परिवार नियोजन के विषय में सहमति एवं असहमति

वैचारिक सहमति / वैवाहिक स्थिति	सहमत	असहमत	योग
विवाहित	667(78.01) 99.26	5(0.58) 0.74	672(78.57) 100.00
अविवाहित	167(19.53) 100.00	-	167(19.53) 100.00
विधवा	9(1.05) 66.67	3(0.35) 25.00	12(1.40) 100.00
परित्यक्ता	3(0.35) 75.00	1(0.12) 25.00	4(0.47) 100.00
योग	846(98.95)	9(1.05)	855(100%)

शिक्षक महिलाओं की वैवाहिक स्थिति के अनुसार परिवार नियोजन के विचार से उनकी सहमति एवं असहमति देखने पर समस्त 99% सहमत शिक्षक महिलाओं में अविवाहितों में शत प्रतिशत एवं विवाहितों में 99.26% सहमति देखी गयी। 12(1.40%) विधवा में 3 एवं 4(0.47%) परित्यक्ता में मात्र 1 शिक्षक महिला परिवार नियोजन के विचार से सहमत नहीं है। समस्त 9(1.05%) असहमत शिक्षक महिलाओं में सर्वाधिक 5(0.58%) विवाहित है।

सारिणी संख्या 1.9

शिक्षक महिलाओं के धर्म के अनुसार परिवार नियोजन के विषय में सहमति एवं असहमति

वैचारिक सहमति / धर्म	सहमत	असहमत	योग
हिन्दू	723(84.56) 99.86	1(0.12) 0.14	724(84.68) 100.00
मुसलमान	63(7.37) 92.65	5(0.58) 7.35	68(7.96) 100.00
ईसाई	37(4.33) 100.00	–	37(4.32) 100.00
सिक्ख	20(2.34) 95.24	1(0.12) 4.76	21(2.45) 100.00
अन्य	3(0.35) 60.00	2(0.23) 40.00	5(0.59) 100.00
योग	846(98.95)	9(1.05)	855 (100%)

शिक्षक महिलाओं का परिवार नियोजन के सम्बन्ध में उनके वैचारिक सहमति को देखने पर उपर्युक्त सारिणी से स्पष्ट होता है कि विभिन्न कार्यों में लगभग 99% शिक्षक महिलायें परिवार नियोजन के विचार से सहमत है। सहमत होने वालों में हिन्दू एवं ईसाई धर्म के शत प्रतिशत एवं इस्लाम धर्म के लगभग 93%, एवं सिक्ख धर्म के 95% शिक्षक महिलाये हैं।

समस्त 855 शिक्षक महिलाओ में मात्र(1.05%) महिलाये सहमत नहीं है जो कि किसी विशेष निष्कर्ष पर हमें नही ले जाती। हाँ इतना अवश्य है कि इन असहमत होने वालों मे इस्लाम धर्मानुयायी शिक्षक महिलायें अपेक्षाकृत अधिक है।

सारिणी संख्या 2·0

शिक्षक महिलाओं के परिवार नियोजन के विचार से सहमत होने के कारण

परिवार नियोजन के विचार से सहमत होने के कारण	शिक्षक महिलाओं के मत	प्रतिशत
आर्थिक कारणों से	502	26·66
बच्चों के अच्छे पालन पोषण के लिए	695	36·91
महिलाओं के सुखी जीवन के लिए	356	18·91
जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए	330	17·52
योग	1883	100·00

सारिणी संख्या 2·0 में शिक्षक महिलाओं के परिवार नियोजन के विचार से सहमत होने के कारणों के सन्दर्भ में, विभिन्न मत प्रदर्शित है। शिक्षक महिलाओं के परिवार नियोजन के विचार से सहमत 1883 मत प्राप्त हुए हैं, जिसमें आर्थिक कारणों से 502 §26·66%§, बच्चों के अच्छे पालन पोषण के विचार से 695 §36·91%§, महिलाओं के सुखी जीवन के विचार से 356 §18·91%§ तथा जनसंख्या वृद्धि को रोकने के विचार से 330 §17·52%§ मत प्राप्त हुए हैं।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, कि शिक्षक महिलाओं की परिवार नियोजन के विचार से सहमति सबसे अधिक , बच्चों के उचित पालन पोषण के विचार से है, इसके पश्चात आर्थिक कारणों से महिलाओं के सुखी जीवन के विचार से तथा जनसंख्या वृद्धि को रोकने के विचार से हैं ।

सारिणी संख्या 2.1

शिक्षक महिलाओं के परिवार नियोजन के विचार से असहमत होने के कारण

परिवार नियोजन के विचार से असहमत होने के कारण	शिक्षक महिलाओं के मत	प्रतिशत
यह धर्म के विरुद्ध है	11	57.89
यह महिलाओं के लिए हानिकारक है	5	26.32
कोई सन्तोषजनक सुरक्षात्मक विधि उपलब्ध नहीं है	3	15.79
अन्त में संयमित जीवन न बिताने के कारण सामाजिक आदर्शों मेंपतन हो जाएगा	-	-
योग	19	100.00

सारिणी संख्या 2.1 में शिक्षक महिलाओं के परिवार नियोजन के विचार से असहमत होने के कारणों के सन्दर्भ में, विभिन्न मत प्रदर्शित है। शिक्षक महिलाओं के परिवार नियोजन के विचार से असहमत 19 मत प्राप्त हुए है, जिसमें 11 (57.89%) शिक्षक महिलाओं के विचार से परिवार नियोजन धर्म के विरुद्ध है, तथा 5 (26.32%) शिक्षक महिलाओं के विचार से यह महिलाओं के लिए हानिकारक है , तथा 3 (15.79%) के विचार से , कोई सन्तोषजनक सुरक्षात्मक विधि उपलब्ध नहीं है तथा अन्त में संयमित जीवन न बिताने के कारण सामाजिक आदर्शों में पतन हो जाएगा, इस विचार से कोई भी मत प्राप्त नहीं हुआ ।

अतः निष्कर्षात्मक रूप से हम कह सकते है, कि अधिकांश शिक्षक महिलाओं की परिवार नियोजन के विचार से असहमति का कारण ,परिवार नियोजन कोधर्म

के विरूद्ध मानना है, इसमें अधिकांश मत मुस्लिम शिक्षक महिलाओं के है, इसके पश्चात असहमत होने का कारण ,शिक्षक महिलायें ,इसे महिलाओं के लिए हानिकारक समझती है, अन्त में कुछ शिक्षक महिलाओं के अनुसार ,कोई सन्तोषजनक सुरक्षात्मक विधि उपलब्ध नही है। ऐसा उनके परिवार नियोजन के सन्दर्भ में उचित ज्ञान की कमी हो सकती है ।

सारिणी संख्या 2.2

शिक्षक महिलाओं के अनुसार शिक्षक वर्ग की परिवार नियोजन कार्यक्रम को जन कार्यक्रम बनाने में भूमिका

भूमिका अदा कर सकती है	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
हाँ	762	89.12
नहीं	93	10.88
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 2.2 में शिक्षक महिलाओं के अनुसार शिक्षक वर्ग की परिवार नियोजन कार्यक्रम को जन कार्यक्रम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका की स्वीकृत व अस्वीकृति प्रदर्शित है । न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है , जिसमें 762 (89.12%) शिक्षक महिलाओं के विचार से शिक्षक वर्ग परिवार नियोजन कार्यक्रम को जन-कार्यक्रम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है , तथा 93 (10.88%) शिक्षक महिलाओं के विचार से शिक्षक वर्ग परिवार नियोजन कार्यक्रम को जन-कार्यक्रम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा नहीं कर सकता है ।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है , कि अधिकांश शिक्षक महिलाओं के विचार से शिक्षक वर्ग परिवार नियोजन कार्यक्रम को जन-कार्यक्रम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है तथा बहुत कम शिक्षक महिलाओं के विचार से शिक्षक वर्ग, परिवार नियोजन कार्यक्रम को जन-कार्यक्रम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा नहीं कर सकता ।

सारिणी संख्या 2.8

शिक्षक महिलाओं के अनुसार जनसंख्या शिक्षा का पाठ्यक्रम में समावेश

जनसंख्या शिक्षा का पाठ्यक्रम में समावेश	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
हाँ	820	95.91
नहीं	35	4.09
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 2.8 शिक्षक महिलाओं की जनसंख्या शिक्षा की पाठ्यक्रम में समावेश की स्वीकृति व अस्वीकृति प्रदर्शित है। न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है, जिसमें 820 (95.91%) शिक्षक महिलाओं के विचार से जनसंख्या शिक्षा का पाठ्यक्रम में समावेश होना चाहिए तथा 35(4.09%) शिक्षक महिलाओं के विचार से जनसंख्या शिक्षा का पाठ्यक्रम में समावेश नहीं होना चाहिए।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, कि अधिकांश शिक्षक महिलाओं के विचार से जनसंख्या शिक्षा का पाठ्यक्रम में समावेश होना चाहिए तथा बहुत कम शिक्षक महिलाओं के विचार से जनसंख्या शिक्षा का पाठ्यक्रम में समावेश नहीं होना चाहिए।

सारिणी संख्या 2.4

शिक्षक महिलाओं के अनुसार विद्यार्थियों को जनसंख्या शिक्षा प्रदान करने के विभिन्न शैक्षिक स्तर

जनसंख्या शिक्षा देने का शैक्षिक स्तर	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
1. प्राइमरी	21	2.46
2. जूनियर हाई-स्कूल	135	15.79
3. हाई-स्कूल	478	55.91
4. विश्वविद्यालय	221	25.85
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 2.4 में शिक्षक महिलाओं के अनुसार विद्यार्थियों को जनसंख्या शिक्षा प्रदान करने के विभिन्न शैक्षिक स्तर का वितरण प्रदर्शित है। न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है, जिसमें 21 (2.46%) शिक्षण महिलाओं के अनुसार विद्यार्थियों को जनसंख्या शिक्षा प्राइमरी से मिलनी चाहिए, तथा 135 (15.79%) शिक्षक महिलाओं के अनुसार जूनियर हाई-स्कूल से, 478 (55.91%) शिक्षक महिलाओं के अनुसार हाई स्कूल स्तर से तथा 221 (25.85%) शिक्षक महिलाओं के अनुसार विश्व विद्यालय स्तर से मिलनी चाहिए।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, कि अधिकांश शिक्षक महिलाओं के विचार से जनसंख्या शिक्षा हाई-स्कूल स्तर से मिलनी चाहिए तथा ऐसी शिक्षक महिलायें जिनके विचार से जनसंख्या शिक्षा, प्राइमरी स्तर से मिलनी चाहिए, उनकी संख्या सबसे कम है।

सारिणी संख्या 2.5

शिक्षक महिलाओं के विचार से परिवार नियोजन कार्यक्रम को
निरूत्साहित करने वाले लोगों को दंड की स्वीकृति व अस्वीकृति

दंडित किया जाना चाहिए	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
हाँ	681	79.65
नहीं	174	20.35
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 2.5 में शिक्षक महिलाओं के विचार से परिवार नियोजन कार्यक्रम को निरूत्साहित करने वाले लोगों को दंड की स्वीकृति व अस्वीकृति प्रदर्शित है 2 । न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है , जिसमें 681 (79.65%) शिक्षक महिलाओं के विचार से परिवार नियोजन कार्यक्रम को निरूत्साहित करने वाले लोगों को दंडित किया जाना चाहिये तथा 174 (20.35%) शिक्षक महिलाओं के विचार से दंडित नहीं किया जाना चाहिए ।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अधिकांश शिक्षक महिलाओं के विचार से परिवार नियोजन कार्यक्रम को निरूत्साहित करने वाले लोगों को दंडित किया जाना चाहिए तथा बहुत कम शिक्षक महिलाओं के विचार से दंड नहीं मिलना चाहिए, वरन् उनके विचार से उनको ऐसी शिक्षा मिलनी चाहिए , जिसमें कि वह जनसंख्या समस्या को स्वयं समझे तथा परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाए ।

सारिणी संख्या 2.6

शिक्षक महिलाओं का/ परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को दिया हुआ परामर्श

परामर्श दिया है	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
हाँ	662	77.43
नहीं	193	22.57
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 2.6 में शिक्षक महिलाओं का परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को दिया हुआ परामर्श प्रदर्शित है, न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है, जिसमें 662 (77.43%) शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श दिया है, तथा 193 (22.57%) शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श नही दिया है।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, कि अधिकतर शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श दिया है, तथा परामर्श न देने वाली शिक्षक महिलायें बहुत कम है। शिक्षक महिलाओं का परामर्श अधिक देने का कारण उनकी बौद्धिक जागरूकता, व अधिक सामाजिक सम्पर्क हो सकता है।

सारणी संख्या 2.7

शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को दिया गया परामर्श

आयु / परामर्श	परामर्श दिया है (छात्रों की संख्या)	परामर्श नहीं दिया है (छात्रों की संख्या)	योग
20–30	170 (19.88) 76.58	52 (6.08) 23.42	222 (25.96) 100.00
30–40	242 (28.30) 74.01	85 (9.99) 25.99	327 (38.25) 100.00
40–50	198 (23.16) 88.79	25 (2.92) 11.21	223 (26.08) 100.00
50–60	52 (6.08) 62.65	31 (3.63) 37.34	83 (9.71) 100.00
योग	662 (77.43)	193 (22.57)	855 (100%)

शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श–

सारिणी संख्या 2.7 में शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को दिया हुआ परामर्श प्रदर्शित है। न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलाएं है, जिसमें से अधिकतर 662(77.43%) शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श दिया है तथा कम 193(22.57%) शिक्षक महिलाओं ने परामर्श नहीं दिया है।

सर्वाधिक शिक्षक महिलाएं (30–40) आयु वर्ग की 327 (38.25%) तत्पश्चात (40–50) तथा(20–30) आयु की भी लगभग बराबर 223(26.08%) तथा 222 (25.96%) तथा (50–60) आयु वर्ग की निम्नतम 83(9.71%) है, इनमें से अधिकतर शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श दिया है।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अधिकांश शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श दिया है।

तारिणी संख्या 2·8

शिक्षक महिलाओं की शिक्षा के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को दिया हुआ परामर्श

परामर्श / शिक्षा	परामर्श दिया है	परामर्श नही दिया है	योग
जूनियर हाई-स्कूल	2(0.23) 33.33	4(0.47) 66.67	6(0.70) 100.00
हाई स्कूल	35(4.09) 68.63	16(1.87) 31.37	51(5.96) 100.00
इण्टरमीडिएट	76(8.89) 71.69	30(3.51) 28.30	106(12.39) 100.00
स्नातक	196(22.92) 76.56	60(7.02) 23.44	256(29.94) 100.00
स्नातकोत्तर	339(39.65) 80.52	82(9.59) 19.48	421(49.24) 100.00
डी०फिल०	10(1.17) 66.67	5(0.58) 33.33	15(1.75) 100.00
योग	662(77.43)	193(22.57)	855(100%)

शिक्षक महिलाओं की शिक्षा के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श-

सारिणी संख्या 2.8 में शिक्षक महिलाओं की शिक्षा के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को दिया हुआ परामर्श प्रदर्शित है। न्यादर्श के 855 शिक्षक महिलाओं में, 662(77.43%) शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श दिया है, तथा 193 (22.57%) शिक्षक महिलाओं ने परामर्श नहीं दिया है।

न्यादर्श के समस्त शिक्षक महिलाओं की शैक्षिक स्थिति इस प्रकार है- जूनियर हाई स्कूल 6(0.70%), हाईस्कूल 51(5.96%), इण्टरमीडिएट 106(12.39%) स्नातक 256(29.94%), स्नातकोत्तर 421(49.24%), डी0फिल0 स्तरीय 15 (1.75%) शिक्षिकायें हैं। सबसे अधिक शिक्षक महिलायें स्नातकोत्तर हैं, तथा सबसेकम जूनियर हाई स्कूल स्तरीय हैं। सबसे अधिक शिक्षित डी0फिल0 शिक्षक महिलायें 15(1.75%) है। जूनियर हाई-कूल शिक्षक महिलाओं में मात्र 33.33% ने परामर्श दिया है, तथा(66.67%) ने परामर्श नहीं दिया है। हाई-स्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, डी0फिल0 सभी शैक्षिक स्तरों की शिक्षक महिलाओं में अधिकांश ने परामर्श दिया है, तथा इनका परामर्श देने का प्रतिशत शिक्षा के स्तर के साथ-साथ बढ़ा है।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, कि अधिकतर 77.43% शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में छात्रों को परामर्श दिया है।

सारिणी संख्या 2.9

शिक्षक महिलाओं का परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को दिया हुआ परामर्श

परामर्श दिया है	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
हाँ	521	60.94
नहीं	334	39.06
योग	855	100.00

सारिणी संख्या 2.9 में शिक्षक महिलाओं का परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी एवं मित्रों को दिया हुआ परामर्श प्रदर्शित है। न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है, जिसमें 521 (60.94%) शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को परामर्श दिया है, तथा 334 (39.06%) शिक्षक महिलाओं ने परामर्श नहीं दिया है ।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, कि अधिकांश शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी एवं मित्रों को परामर्श दिया है, तथा परामर्श न देने वाली शिक्षक महिलायें कम है ।

सारणी संख्या 3.0

शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों का दिया हुआ परामर्श

परामर्श / आयु वर्ग	परामर्श दिया है	परामर्श नहीं दिया है	योग
20-30	112 (13.09) 50.45	110 (12.87) 49.55	222 (25.96) 100.00
30-40	218 (25.49) 66.67	109 (12.75) 33.33	327 (38.25) 100.00
40-50	152 (17.78) 68.16	71 (8.30) 31.84	223 (26.08) 100.00
50-60	39 (4.56) 46.99	44 (5.73) 53.01	83 (9.71) 100.00
योग	521 (60.94)	334 (39.06)	855 (100%)

<u>शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को परामर्श–</u>

सारिणी संख्या 3.0 में शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को दिया हुआ परामर्श प्रदर्शित है न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलाएं हैं जिसमें अधिक 521§60•94✗§ शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को परामर्श दिया है, तथा 334 §39•06✗§ शिक्षक महिलाओं ने परामर्श नहीं दिया है।

सर्वाधिक शिक्षक महिलाएं §30–40§ वर्ष आयु वर्ग की हैं तत्पश्चात §40–50§, आयु वर्ग की 223 §26•08✗§, 20–30§ आयु वर्ग की 222 §25•96✗§, तथा न्यूनतम §50–60§ आयु वर्ग की 83§9•71✗§, शिक्षक महिलाएं हैं।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अधिकांश शिक्षक महिलाओं ने सम्बन्धी व मित्रों कोपरिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में परामर्श दिया है।

सारिणी संख्या 3.1

शिक्षक महिलाओं की शिक्षा के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को दिया हुआ परामर्श

परामर्श शिक्षा	परामर्श दिया है	परामर्श नहीं दिया है	योग
जूनियर हाई-स्कूल	4 (0.47) 66.67	2 (0.23) 33.33	6 (0.70) 100.00
हाई-स्कूल	35 (4.09) 68.63	16 (1.87) 31.37	51 (5.96) 100.00
इण्टरमीडिएट	66 (7.72) 62.26	40 (4.68) 37.74	106 (12.39) 100.00
स्नातक	141 (16.49) 55.08	115 (13.45) 44.92	256 (29.94) 100.00
स्नातकोत्तर	265 (30.99) 62.95	156 (18.24) 37.05	421 (49.24) 100.00
डी०फिल०	10 (1.17) 66.67	5 (0.58) 33.33	15 (1.75) 100.00
योग	521 (60.94)	334 (39.06)	855 (100)

शिक्षक महिलाओं की शिक्षा के अनुसारपरिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को परामर्श-

सारिणी संख्या 3.1 में शिक्षक महिलाओं की शिक्षा के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को दिया हुआ परामर्श प्रदर्शित है। न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें हैं, जिसमें 521 §60.94%§ शिक्षक महिलाओं ने सम्बन्धी और मित्रों को परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में परामर्श दिया है, तथा 334§39.06%§ शिक्षक महिलाओं ने परामर्श नहीं दिया है।

न्यादर्श के समस्त 855 शिक्षक महिलाओं में 6§0.70%§ जूनियर हाई स्कूल, 51§5.96%§ हाई स्कूल, 106§12.39%§ इण्टरमीडिएट 256 §29.94%§ स्नातक, 421§49.24%§, स्नातकोत्तर, 15§1.75%§, डी0फिल स्तरीय शिक्षक महिलायें है जिसमें सभी शैक्षिक स्तरों की अधिकतर शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में सम्बन्धी और मित्रों को परामर्श दिया है।

सारिणी संख्या 3.2

शिक्षक महिलाओं का परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में जनसमुदाय को दिया हुआ परामर्श

परामर्श दिया है	शिक्षक महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
हाँ	561	65•61
नहीं	294	34•39
योग	855	100•00

सारिणी संख्या 3.2 में शिक्षक महिलाओं का परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में जनसमुदाय को दिया हुआ परामर्श प्रदर्शित है। न्यादर्श में 855 शिक्षक महिलायें है, जिसमें 561 (65•61%) शिक्षक महिलाओं ने जन-समुदाय को परामर्श दिया है, तथा 294 (34•39%) शिक्षक महिलाओं ने परामर्श नहीं दिया है ।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि, अधिकतर शिक्षक महिलाओं ने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारें में जनसमुदाय को परामर्श दिया है तथा परामर्श न देने वाली शिक्षक महिलायें कम है ।

सारणी संख्या 3.3

शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में जनसमुदाय का परामर्श

परामर्श / आयु वर्ग	परामर्श दिया है	परामर्श नही दिया है	योग
20-30	129 (15.09) 58.11	93 (10.88) 41.89	222 (25.96) 100.00
30-40	226 (26.43) 69.11	101 (11.81) 30.89	327 (38.25) 100.00
40-50	162 (18.95) 72.65	61 (7.13) 27.35	223 (26.08) 100.00
50-60	44 (5.15) 53.01	39 (4.56) 46.99	83 (9.71) 100.00
योग	561 (65.6)	294 (34.39)	855 (100)

शिक्षक महिलाओं की आयु के अनुसार परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में जनसमुदाय को परामर्श-

अध्ययन में देखा गया कि प्रत्येक आयु की महिलाओं ने विवाह एवं प्रथम शिशु के मध्य कम से कम जन्म – अन्तराल आदर्श माना है। लगभग 50% ने एक वर्ष एवं 26% ने 2 वर्ष तथा मात्र 6% ने 3 एवं अधिक अन्तराल को आदर्श माना है। सर्वाधिक स्नातकोत्तर शिक्षिकाओं में अधिकांशतः 25% ने एक वर्ष एवं 13% ने दो वर्ष अन्तराल आदर्श माना है।

प्रथम एवं द्वितीय शिशु के मध्य जन्म – अन्तराल सर्वाधिक लगभग 45% ने तीन वर्ष एवं 29% ने दो वर्ष आदर्श माना है। इसमें सर्वाधिक स्नातकोत्तर स्तरीय शिक्षिकाओं में सर्वाधिक ने 3 वर्ष एवं डी0 फिल0 स्तरीय शिक्षिकाओं में दो वर्ष जन्म – अन्तराल आदर्श माना है।

द्वितीय एवं तृतीय शिशु के मध्य सर्वाधिक लोगों ने तीन वर्ष जन्म – अन्तराल उचित एवं आदर्श माना है। इसमें लगभग 50% शिक्षिकायें है, जो प्रत्येक आयु वर्ग एवं शैक्षिक स्तर की है।

शिक्षक महिलायें पूर्ण परिवार

न्यादर्श की समस्त 855 शिक्षक महिलाओं में 182 ऐसी महिलायें है। जिनका परिवार पूर्ण हो चुका है। इन शिक्षक महिलाओं के प्रजननता सम्बन्धी व्यवहार इस प्रकार है –

परिवार नियोजन की वांछनीयता सम्बन्धी परामर्श

समस्त 182 पूर्ण परिवार की महिलाओं में लगभग 40% ने छात्रों को परिवार नियोजन की वांछनीयता सम्बन्धी उचित परामर्श दिया है शेष ने परामर्श नहीं दिया है। छात्रों के साथ यह प्रवृत्ति देखी गयी कि शिक्षक महिलाओं की आयु बढ़ने के साथ - साथ परामर्श देने की प्रवृत्ति में कमी ही आयी। जू0 हा0 स्कूल एवं डि0 फिल0 स्तरीय शिक्षिकाओं में सर्वाधिक ने परामर्श दिया लेकिन अन्य शैक्षिक स्तरीय शिक्षिकाओं में अधिकांशतः लोगों ने परामर्श नहीं दिया है।

सम्बन्धी एवं मित्रों को 62% ने परामर्श दिया। शेष 38% शिक्षक महिलाओं ने परामर्श नहीं दिया। मात्र 50-60 आयु वर्ग को छोड़कर। शेष सभी आयु वर्ग की शिक्षक महिलाओं में अधिकांशतः लोगों ने परामर्श दिया है। इसमें सभी शैक्षिक स्तर की महिलायें सम्मिलित हैं। डी0 फिल0 स्तरीय शत - प्रतिशत ने परामर्श दिया है।

पूर्ण परिवार की शिक्षक महिलाओं में लगभग 69% ने जनसमुदाय को भी परामर्श दिया है। शेष 31% ने परामर्श नहीं दिया। इससे सभी आयु वर्ग की शिक्षिकायें सम्मिलित है।

मात्र छात्रों को छोड़कर शेष सम्बन्धी - मित्रों एवं जनसमुदाय को परिवार नियोजन की वांछनीयता सम्बन्धी परामर्श में यह देखा गया कि शैक्षिक स्तर में वृद्धि के साथ परामर्श देने वाली शिक्षक महिलाओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है। लेकिन छात्रों के साथ ठीक विपरीत प्रवृत्ति देखी गयी।

विवाह आयु

पूर्ण परिवार की शिक्षक महिलाओं में सर्वाधिक लगभग 60% की विवाह आयु 21-25 वर्ष में पायी गयी। 21 से कम आयु में विवाहित मात्र 5% शिक्षिकायें ही पाई गईं। 25-30 आयु में लगभग 26% एवं 30 से अधिक आयु में भी विवाहित

लगभग 7% शिक्षक महिलायें पाई गयी। 21-25 आयु में विवाहित सर्वाधिक स्नातकोत्तर महिलायें रही। अन्य शैक्षिक स्तर में भी यही आयु वर्ग सर्वाधिक पाया गया।

आदर्श विवाह आयु

पूर्ण परिवार की सर्वाधिक 45% शिक्षक महिलाओं ने लड़कों के लिए आदर्श विवाह आयु 26 वर्ष आयु उचित आदर्श बतायी है। इसमें सर्वाधिक शिक्षिकायें 30-40 एवं 40-50 आयु वर्ग से सम्बन्धित है। जो विभिन्न शैक्षिक स्तर की शिक्षक महिलायें है। डी0 फिल0 स्तरीय अधिकांश शिक्षिकाओं ने 28 वर्ष को आदर्श विवाह आयु कहा।

लड़कियों के लिए 30-40 आयु वर्ग की सर्वाधिक शिक्षिकाओं ने 20 एवं 22 वर्ष उचित कहा। 40-50 आयु वर्ग ने भी 20,21 एवं 23 वर्ष उचित रहा। लेकिन 50-60 आयु वर्ग में सर्वाधिक महिलाओं ने 18 वर्ष ही आदर्श रहा। वस्तुतः सर्वाधिक लोगो ने 22 वर्ष ही आदर्श कहा है। इसमें उच्च शिक्षित सर्वाधिक है।

परिवार आकार

पूर्ण परिवार की सर्वाधिक लगभग 35% ने 2 बच्चे एवं 31% शिक्षिक महिलाओं ने 3 बच्चे के परिवार आकार को महत्व दिया। मात्र 1 बच्चे को 9% ने ही महत्व दिया। जिन्होंने अधिक बच्चों को परिवार आकार में सम्मिलित किया। ऐसे लोगों का प्रतिशत 25 है कम आयु की महिलाओं में कम (2 बच्चे) एवं अधिक आयु की महिलाओं में 3 बच्चों के महत्व की प्रवृत्ति देखी गयी। शिक्षा के अनुसार भी जैसे - जैसे शैक्षिक स्तर में वृद्धि हुई परिवार आकार कुछ सिमटता सा दिखायी पड़ा।

आदर्श परिवार आकार

आदर्श परिवार में पूर्ण परिवार की सर्वाधिक 69% शिक्षक महिलाओं ने 2 बच्चे को ही उचित कहा। 1 बच्चे को 13% ने एवं 2 से अधिक को 18% ने

ही उचित कहा। इसमें प्रत्येक शैक्षिक स्तर एवं आयु वर्ग की शिक्षक महिलायें हैं।

शिशु जन्म – अन्तराल

पूर्ण परिवार की शिक्षक महिलाओं में देखा गया कि दीर्घकालीन शैक्षनिक जीवन के बाद वे भी विवाह के बाद यथा शीघ्र सन्तान चाहती है। एक वर्ष अन्तराल जहाँ 42% ने रखा वहीं 2 वर्ष अन्तराल 41% ने रखा।

प्रथम एवं द्वितीय सन्तान के मध्य दो एवं तीन वर्ष, द्वितीय एवं तृतीय तथा तृतीय एवं चतुर्थ के मध्य सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने 3 एवं 2 वर्ष जन्म अन्तराल रखा। इसमें 50-60 एवं 40-50 आयु वर्गीय सर्वाधिक एवं प्रत्येक शैक्षिक स्तर की शिक्षक महिलायें है।

आदर्श शिशु – जन्म – अन्तराल

पूर्ण परिवार वाली विभिन्न शिक्षक महिलाओं ने विवाह एवं प्रथम शिशु के मध्य 2 वर्ष के अन्तराल को आदर्श सर्वाधिक लगभग 57% महिलाओं ने माना है। एक वर्ष को भी लगभग 24% ने आदर्श रहा। लेकिन प्रथम एवं द्वितीय सन्तान के मध्य तथा द्वितीय तथा तृतीय सन्तान के मध्य आदर्श जन्म – अन्तराल सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने तीन वर्ष आदर्श व्यक्त किया।

शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं का विभेदात्मक अध्ययन

शोध कार्य में शिक्षक महिलाओं के प्रजननता व्यवहार के साथ – साथ कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं को भी विभेदात्मक अध्ययन किया गया है। समाज में आदर्श स्वस्थ शिक्षक महिलायें एवं कार्यालयी, महिलाओं तथा घरेलू महिलाओं के जनांकिकी विचार शोध को नयी दिशा देते है। 855 शिक्षक महिलाओं के साथ – साथ 792 कार्यालयी एवं 856 घरेलू महिलाओं के सम्बन्ध में प्राथमिक समंक एकत्रित किये गये।

परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में लोगों के परामर्श देने के सम्बन्ध में शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं के विचार देखने पर यह पाया

गया कि शिक्षकों ने इस क्षेत्र में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिला शिक्षकों ने न केवल छात्रों को वरन् मित्रों व सम्बन्धियों तथा जनसमुदाय को भी परामर्श दिया है जबकि अन्य महिलाओं से छात्रों को परामर्श का औचित्य ही नहीं उठता। मित्रों एवं सम्बन्धियों को भी सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने परामर्श दिया है। सबसे कम लगभग 42% कार्यालयी महिलाओं ने मित्रों व सम्बन्धियों को परामर्श दिया है। प्रत्येक शैक्षिक स्तर की शिक्षक महिलाओं ने परामर्श दिया है जबकि यह प्रवृत्ति कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं में अधिक शिक्षितों में देखी गयी। यद्यपि शिक्षक महिलाओं में प्रत्येक आयु की महिलाओं ने परामर्श दिया है लेकिन 20-30 आयु वर्ग में घरेलू महिलायें अधिक है। जनसमुदाय को भी सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने एवं सबसे कम लगभग 38% कार्यालयी महिलाओं ने परामर्श दिया है। शिक्षा के स्तर वृद्धि के साथ परामर्श दाताओं की संख्या वृद्धि जुड़ी पायी गयी।

विवाह - आयु के सम्बन्ध में भी विभेदात्मक अध्ययन किया गया। सर्वेक्षित सर्वाधिक शिक्षक एवं कार्यालयी महिलाओं की विवाह आयु 21-25 वर्ष जबकि सर्वाधिक घरेलू महिलाओं की 18-21 वर्ष पायी गयी। कम आयु में विवाहित अपेक्षाकृत उच्च शिक्षित नहीं पायी गई। 21-25 आयु में विवाहित अधिक शिक्षित महिलायें देखी गई। कार्यालयी एवं शिक्षक महिलाओं में पाया गया कि निम्न स्तरीय शिक्षा शीघ्र विवाह प्रवृत्ति एवं उच्च शिक्षा विलम्ब विवाह को प्रोत्साहित करती है। घरेलू महिलाओं में भी देखा गया लेकिन स्पष्टतया नहीं।

शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं ने विवाह की आदर्श आयु के सम्बन्ध में विभिन्न विचार प्रकट किये है। लड़कियों हेतु सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने 22 वर्षायु, सर्वाधिक कार्यालयी महिलाओं ने 24 वर्षायु एवं सर्वाधिक घरेलू महिलाओं ने 20 वर्षायु, आदर्श विवाह आयु व्यक्त किया है। शिक्षा का कार्यालयी एवं शिक्षक महिलाओं पर पड़े प्रभाव अपेक्षाकृत घरेलू महिलाओं के अधिक पाया गया। शिक्षक महिलाओं ने लड़कियों हेतु 18 से कम में या 25 वर्ष आयु के बाद विवाह आदर्श नहीं माना है। कार्यालयी महिलाओं ने भी शीघ्र विवाह

को आदर्श नहीं माना है। 24 वर्षायु को सर्वाधिक एवं इससे भी 20-30 की अधिकतर महिलाओं ने आदर्श व्यक्त किया है। लगभग प्रत्ये आयु - वर्ग की घरेलू महिलाओं ने शीघ्र (सर्वाधिक ने 20 वर्षायु) विवाह को आदर्श महत्व दिया है।

लड़कों के लिए विवाह की आदर्श आयु के सम्बन्ध में शिक्षक महिलाओं ने सबसे अधिक 26 वर्ष को, कार्यालयी महिलाओं ने 28 वर्ष को तथा घरेलू महिलाओं ने 25 वर्ष माना है। शैक्षिक स्तर के अनुसार जूनियर हाई स्कूल स्तरीय शिक्षक महिलाओं को छोड़कर शेष सभी शैक्षिक स्तरों की शिक्षक महिलाओं में शैक्षिक स्तर में वृद्धि के साथ लड़कों के लिए विवाह की आदर्श आयु में वृद्धि दिखायी पड़ी है। घरेलू महिलाओं में उच्च शिक्षित महिलाओं ने 23 वर्ष से कम आयु को आदर्श नही माना है। लगभग 61% घरेलू महिलाओ ने 25-26 वर्ष को आदर्श माना है। आयु वर्ग के अनुसार देखने पर स्पष्ट होता है कि 20-30 आयु वर्ग में मात्र घरेलू महिलाओं को छोड़कर किसी ने भी 21 वर्ष से कम आयु को आदर्श नही माना है। सभी आयु वर्ग की शिक्षक महिलाओं ने 26 वर्ष को ही आदर्श माना है जबकि कार्यालयी महिलाओं में अधिक आयु वर्ग की महिलायें कम आयु को आदर्श मानती है। घरेलू महिलाओं में 50-60 आयु वर्ग की महिलाओं को छोड़कर शेष सभी विवाह की आदर्श आयु अधिक चाहती है।

परिवार आकार के सम्बन्ध में पाया गया कि सर्वाधिक महिलाओं का परिवार आकार दो शिशु का है। लगभग 12% शिक्षक महिलाओं का परिवार आकार एक शिशु, 30% के दो शिशु एवं 19% के तीन शिशु पाया गया। कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं में भी ठीक यही प्रवृत्ति पायी गई है। सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने दो शिशु को महत्व दिया लेकिन 50-60 आयु वर्ग में दो से अधिक शिशु को महत्व प्राप्त हुआ।

सर्वाधिक लगभग 80% शिक्षक, 72% कार्यालयी एवं 71% घरेलू महिलाओं ने आदर्श परिवार आकार में दो शिशु आदर्श व्यक्त किया। शिक्षिकाओं की तुलना में लगभग तीन गुनी कार्यालयी महिलाओं ने एक सन्तान को आदर्श माना।

तीन से अधिक को भी मात्र कार्यालयी महिलाओं को छोड़कर अन्य ने महत्व दिया। शैक्षिक स्तर में वृद्धि ने शिक्षक महिलाओं को तीन से दो शिशु की ओर प्रेरित किया। कार्यालयी महिलायें शीघ्र एवं कम शिक्षा को अधिक महत्व देती पायी गई। युवा महिलाओं में दो शिशु के आदर्श आकार को महत्व अधिक देते पाया गया। बच्चों के जन्म के सम्बन्ध में जन्म - अन्तराल का भी अध्ययन किया गया। विवाह एवं प्रथम शिशु के मध्य प्रत्येक वर्गीय महिलाओं ने कम ही अन्तराल रखने का प्रयत्न किया है। यद्यपि एक वर्ष अन्तराल सभी आयु - वर्ग की महिलाओं ने अपनाया लेकिन शिक्षक महिलाओं में प्रत्येक आयु वर्ग ने 20-30 एवं 30-40 आयु वर्ग की कार्यालयी महिलाओं ने, एवं मात्र 50-60 आयु वर्ग को छोड़कर सभी घरेलू महिलाओं ने एक वर्ष को महत्व दिया है। आदर्श जन्म - अन्तराल सर्वाधिक महिलाओंने एक वर्ष ही व्यक्त किया है। एक के बाद दो वर्ष अन्तराल को ही सर्वाधिक महत्व दिया है।

प्रथम एवं द्वितीय शिशु के मध्य जन्म - अन्तराल जहाँ सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने तीन वर्ष रखा वहीं कार्यालयी ने दो एवं घरेलू महिलाओं ने दो वर्ष अन्तराल रखा। शिक्षा - स्तर में वृद्धि ने शिक्षक महिलाओं के तीन वर्ष अन्तराल को अधिक बल प्रदान किया। इसमें प्रौढ़ महिलायें अधिक हैं। आदर्श अन्तराल सभी ने तीन वर्ष व्यक्त किया है लेकिन इसमें घरेलू महिलायें सर्वाधिक एवं शिक्षक महिलायें कम रहीं। कार्यालयी महिलाओं ने तीन एवं इससे कम अन्तराल आदर्श कहे जबकि घरेलू एवं शिक्षक महिलाओं ने तीन एवं तीन से अधिक आदर्श व्यक्त किये। 20-30 आयु वर्ग की सर्वाधिक कार्यालयी महिलाओं ने तीन वर्ष अन्तराल को आदर्श कहा जिसमें शिक्षक अपेक्षाकृत कम हैं।

द्वितीय एवं तृतीय शिशु के मध्य जन्म - अन्तराल के सम्बन्ध में सर्वाधिक शिक्षक एवं घरेलू महिलाओं ने तीन वर्ष अन्तराल रखा, जबकि कार्यालयी महिलाओं ने दो वर्ष। इनके शैक्षिक स्तर में वृद्धि शिक्षिकाओं के दो से तीन वर्ष अन्तराल कार्यालयी महिलाओं के एक से दो वर्ष अन्तराल एवं घरेलू महिलाओं के एक - दो से तीन वर्ष अन्तराल की ओर अंतरण स्पष्ट करता है। आदर्श अन्तराल के विचार वास्तविकता से भिन्न हैं। सर्वाधिक शिक्षक एवं कार्यालयी महिलाओं ने तीन

वर्ष एवं घरेलू ने दो वर्ष ही आदर्श व्यक्त किया है।

तृतीय एवं चतुर्थ शिशु के मध्य जन्म - अन्तराल के सम्बन्ध में चौथे शिशु हेतु यद्यपि 14% शिक्षक महिलाओं ने, 10% कार्यालयी ने, एवं 23% घरेलू महिलाओं ने उत्तर दिया है फिर भी इसमें सर्वाधिक शिक्षक एवं घरेलू ने तो तीन वर्ष अन्तराल रखा और सर्वाधिक कार्यालयी महिलाओं ने एक वर्ष। तृतीय एवं चतुर्थ सन्तान हेतु आदर्श जन्म - अन्तराल के सम्बन्ध में लगभग सभी मौन ही रहे जो उनके प्रजननता व्यवहार को स्पष्ट करता है।

शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलायें : पूर्ण परिवार

न्यादर्श की 855 शिक्षक महिलाओं में पूर्ण परिवार की 182, 792 कार्यालयी महिलाओं में 240, एवं 856 घरेलू महिलाओं में 234 पूर्ण परिवार वाली महिलायें हैं।

पूर्ण परिवार की शिक्षक महिलाओं में लगभग 40% ने छात्रों को परिवार नियोजन की वांछनीयता के संदर्भ में परामर्श दिया है। शेष ने परामर्श नहीं दिया है। शिक्षक महिलाओं के आयु - वृद्धि के साथ परामर्श देने की प्रवृत्ति में वृद्धि देखी गई। लेकिन शैक्षिक स्तर में वृद्धि के साथ यह प्रवृत्ति नहीं देखी गयी। छात्रों को मात्र शिक्षक महिलाओं ने ही परामर्श दिया है। अन्य लोगों के द्वारा परामर्श का औचित्य भी नहीं उठता। सम्बन्धी एवं मित्रों को परामर्श देने में शिक्षक महिलायें अग्रणी रही। कार्यालयी महिलायें भी अधिक पायी गई। लेकिन घरेलू महिलाओं में अधिक अनुपात नहीं देखा गया। युवा शिक्षक महिलाओं में परामर्श देने का कार्य अधिक देखा गया। कम शिक्षित महिलाओं में कम एवं अपेक्षाकृत उच्च स्तरीय महिलाओं में अत्यधिक परामर्श देने की प्रवृत्ति पायी गई। परिवार नियोजन की वांछनीयता के संदर्भ में इन महिलाओं के द्वारा जनसमुदाय को दिये गये परामर्श को देखने पर यह देखा गया कि मात्र शिक्षक महिलायें ही ऐसी सर्वाधिक है जिन्होंने जनसमुदाय को सहयोग दिया है। घरेलू में अपेक्षाकृत कम एवं कार्यालयी महिलाओं में अत्यधिक कम परामर्श देने की प्रवृत्ति पायी गई। युवा शिक्षक महिलाओं में परामर्श

की अधिक प्रवृत्ति तो युवा कार्यालयी महिलाओं में ठीक विपरीत स्थिति देखी गयी शैक्षिक - स्तर में वृद्धि के साथ - साथ शिक्षक महिलाओं में ही परामर्श की अधिक प्रवृत्ति पायी गई।

विवाह की आयु के विभेदात्मक अध्ययन में यह देखा गया कि सर्वाधिक शिक्षक एवं कार्यालयी महिलाओं का विवाह 21-25 वर्ष में एवं घरेलू महिलाओं का 18-21 आयु में हुआ है। कम शिक्षित महिलाओं विशेषकर घरेलू महिलाओं का कम आयु एवं अधिक व उच्च शिक्षित विशेषकर शिक्षक एवं कार्यालयी महिलाओं का अधिक आयु में विवाह हुआ है। निश्चित रूप से शिक्षा का विवाह आयु से सम्बन्ध स्पष्ट दिखायी पड़ता है। लड़कों हेतु आदर्श विवाह - आयु के सम्बन्ध में सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने 26 एवं इससे अधिक वर्ष, कार्यालयी महिलाओं ने 28 एवं अधिक वर्ष लेकिन घरेलू महिलाओं ने 25 एवं उसे कम आयु को अधिक महत्व एवं उचित बताया। शिक्षा का आदर्श विवाह आयु पर प्रभाव पड़ता है। यह तथ्य देखने में आया। अधिक शिक्षितों ने अधिक आयु में लड़कों हेतु विवाह आदर्श बताया। लड़कियों हेतु आदर्श विवाह - आयु के सम्बन्ध में सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने 20-22 वर्ष, कार्यालयी महिलाओं ने 24 वर्ष एवं घरेलू महिलाओं ने 20 वर्ष आदर्श आयु उचित बताया। कम शिक्षित महिलाओं ने लड़कियों हेतु कम आदर्श आयु व्यक्त किया जबकि अधिक उच्च शिक्षित महिलाओं ने अधिक आयु लेकिन 24 वर्ष से कम को आदर्श बताया।

परिवार के आकार के सम्बन्ध में सर्वाधिक शिक्षक एवं कार्यालयी महिलाओं ने दो बच्चे, एवं घरेलू महिलाओं ने तीन बच्चों को परिवार के आकार में महत्व दिया है। एक बच्चे मात्र शिक्षक महिलाओं में सर्वाधिक पाये गये। उच्च शिक्षितों में परिवार आकार कम पाया गया। सर्वाधिक शिक्षक, कार्यालयी एवं घरेलू महिलाओं ने बच्चों के परिवार आकार को आदर्श बताया। इसमें कार्यालयी एवं शिक्षक महिलायें अपेक्षाकृत अधिक हैं। प्रौढ़ महिलाओं में परिवार आकार अधिक उचित नहीं माना गया है। युवा घरेलू महिलायें भी कम परिवार आकार को आदर्श व्यक्त करती पायी गईं। उच्च शिक्षितों ने एक एवं दो बच्चों को आदर्श बताया है, जो महत्वपूर्ण तथ्य है।

पूर्ण परिवार की विभिन्न महिलाओं के बच्चों के मध्य जन्म - अन्तराल के सम्बन्ध में भी अध्ययन किया गया। सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने विवाह तथा पहले शिशु जन्म के मध्य एक वर्ष, कार्यालयी एवं घरेलू ने दो वर्ष रखा है लेकिन इन्होंने आदर्श में परिवर्तित रूप उचित व्यक्त किया है। शिक्षक एवं घरेलू महिलाओं ने दो वर्ष लेकिन कार्यालयी महिलाओं ने एक वर्ष उचित व्यक्त किया है। पहले व दूसरे शिशु के मध्य जन्म - अन्तराल विभिन्न महिलाओं में सर्वाधिक ने दो वर्ष रखा है। लेकिन इन्होंने आदर्श अन्तराल तीन वर्ष उचित व्यक्त किया है। दूसरे व तीसरे बच्चे के मध्य जन्म - अन्तराल सर्वाधिक शिक्षक एवं घरेलू महिलाओं ने तीन वर्ष एवं कार्यालयी महिलाओं ने दो वर्ष रखा है लेकिन आदर्श - अन्तराल के सम्बन्ध में शिक्षकों ने पूर्ववत् लेकिन कार्यालयी ने तीन वर्ष एवं घरेलू महिलाओं ने दो वर्ष उचित माना है। इसमें उच्च शिक्षित अधिक महिलायें पायी गईं। तीसरे एवं चौथे शिशु के मध्य सर्वाधिक शिक्षक महिलाओं ने तीन वर्ष, एवं कार्यालयी तथा घरेलू महिलाओं ने दो वर्ष का अन्तराल रखा है। यद्यपि इनकी संख्या कम है फिर भी पूर्ण परिवार की होने के कारण महत्वपूर्ण है।

अध्याय - 7

सर्वेक्षण - अनुभव

(FIELD - EXPERIENCE)

सर्वेक्षण अनुभव (Field Experience)

प्रस्तुत शोध " शिक्षक महिलायें और प्रजननता " के अनुभवगम्य अध्ययन हेतु सर्वेक्षण इलाहाबाद नगर के संदर्भ में किया गया है । 7 अगस्त 1983 से प्रारम्भ होकर 20 जुलाई 1984 में लगभग 11 महीने के अन्तराल में सर्वेक्षण अनुभव की विभिन्न परिस्थितियों से गुजरना पड़ा । सर्वेक्षण दो भिन्न चरणों में सम्पन्न हुआ । प्रथम - विद्यालयों के ग्रीष्मावकाश के पूर्व , द्वितीय ग्रीष्मावकाश के बाद । सर्वेक्षण शोध का अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग होता है । इसमें शोधकर्त्ता को विभिन्न नियमों व परिनियमों में बद्ध होकर Investigation करना पड़ता है ।

सर्वेक्षण में पुरूष शोध कर्त्ता को अत्यधिक कठिनाइयाँ सहनी पड़ती है लेकिन यदि शोध कर्त्ता महिला हो तो, सर्वेक्षण अवधि में उत्पन्न हुई कठिनाइयाँ और अधिक दुष्कर रहती है ।

लगभग एक दशक से परिवार नियोजन एवं परिवार कल्याण सम्बन्धी कार्यक्रमों एवं घोषित सरकारी नीतियों के अनुचित क्रियान्वयन से प्रत्येक शोध कर्त्ता को क्षेत्र में परेशानी होती है । सर्वेक्षण कर्त्ता शोध एवं अनुसन्धान का सजग प्रहरी होता है लेकिन यह बात निर्भर करती है कि , सर्वेक्षण - क्षेत्र एवं न्यादर्श की क्या वस्तु स्थिति है ।

प्रजननता के विषय में किए गए सर्वेक्षण में यह देखा गया कि सामान्य लोगों के अलावा शिक्षक आदर्श वर्ग , शिक्षक महिलाओं ' में भी भ्रम एवं अपूर्ण धारणाएं व्याप्त है । शिक्षितों एवं समाज के आदर्श वर्ग माने गए शिक्षिकाओं से ही यह आशा की जा सकती है , कि वे अवश्य सहयोग देंगें, लेकिन उनसे शोध सम्बन्धी पूर्ण जानकारियां प्राप्त करना अत्यधिक कठिन कार्य है । समाज में महिलाओं की स्थिति विशेष अच्छी नहीं है । जहाँ एक ओर हम महिला वर्ष एवं महिला

संगठनो के माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए कुछ करना चाहती हैं वहीं इस क्षेत्र में विपरीत तथ्य मिले । न्यादर्श की महिला शिक्षिकाओं से पूर्णतया सहयोग न मिलना इस बात की पुष्टि करता है, कि आज की महिलाओं के उत्थान में महिलायें ही बाधक है । विद्यालय की प्रधानाचार्याओं से उपेक्षा एवं असहयोग मिला। अपने प्रशासनिक प्रधानाचार्या के पद का दुरूपयोग करते हुए , " चलो , हटों यहाँ से । ऐसे फालतू काम के लिए मेरे पास वक्त नहीं है, कमरे मे मत घुसिए निकलिये" आदि कटु व्यवहार ने स्वयं उनकी प्रजननता व्यवहार के अध्ययन में बाधा एवं शोध अध्ययन के क्षेत्र में निराशा उत्पन्न की । वस्तुतः शिक्षक महिलाओं का अध्ययन विद्यालयों में ही संभव है, और विद्यालयों में प्रधानाचार्याओं की अनुमति के बिना सर्वेक्षण कार्य होना संभव ही नही था । ऐसी स्थिति में किसी ऐसी महिला या शिक्षिका की खोज करके सर्वेक्षण की अनुमति एवं सर्वेक्षण प्रक्रिया का प्रारम्भ करना मेरे लिए अत्यधिक कठिन था । फिर भी आशा, विश्वास एवं धैर्य से मुझे शोध में होने वाली परेशानियों को विशेषकर महिलाओं के लिए यह समस्या स्वभाविक है , ऐसा मानकर मैं अपने कार्य में हतोत्साहित नही हुई ।

अध्ययन के विषय में शिक्षक महिलाओं का भी ज्ञान विशेष उल्लेखनीय नहीं रहा। प्रायः उनके अन्दर शिक्षक एवं तात्कालिक उत्पन्न हुई अज्ञानता को मैं पूर्णतया दूर नहीं कर पायी लेकिन इस मनोवृत्ति को अत्यधिक कम करने में अवश्य सफल रही, जिसके कारण शोध प्रक्रिया अप्रभावित रही । विषम परिस्थितियों के होने पर भी अधिकांशतः महिला शिक्षिकाओं ने सहयोग दिया। शिक्षिकाओं के प्रजननता व्यवहार के अध्ययन के संदर्भ में तुलनात्मक अध्ययन हेतु कार्यालयी एवं सामान्य घरेलू महिलाओं का भी अध्ययन किया गया जिनसे पर्याप्त सहयोग मिला।

शोध उपाधि हेतु बिना किसी आर्थिक सहायता के अनुभवगम्य अध्ययन निश्चित रूप से दुसह्य कार्य है । नगर के विभिन्न विद्यालयों की स्थिति में अत्यधिक विषमता है। शोध स्थल को खोजना एवं व्यय साध्य वाहन से पहुँचना

मेरे लिए दुष्कर सा रहा । वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में किसी लड़की §शोध छात्रा§ का शोध सर्वेक्षण कार्य में विचरण एवं उत्पन्न हुई व्यक्तिगत परेशानियाँ मनुष्य की वैचारिक स्थिति एवं मानवीय कुण्ठाओं को व्यक्त करती है ।

अध्याय - 8

नीति हेतु संस्तुतियां

(POLICY - RECOMMENDATIONS)

नीति हेतु संस्तुतियां (Policy Recommendations)

शिक्षक महिलायें एवं उनके प्रजननता सम्बन्धी व्यवहार को इलाहाबाद नगर की परिधि के सम्बन्ध में अध्ययन करने पर नीति में परिवर्तन के लिए निम्न सुझाव प्रस्तावित है-

1- समाज में महिलाओं की शिक्षा के प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण बदलना चाहिए तथा उनकी शिक्षा के प्रति उदार नीति अपनानी चाहिए ।

2- शिक्षक वर्ग , समाज का आदर्श वर्ग होने के कारण परिवार नियोजन कार्यक्रम को जनकार्यक्रम बनाने में सर्वाधिक सहयोग दे सकता है, इसमें महिला शिक्षकों का योगदान पुरूष शिक्षकों से अधिक ही हो सकता है। इसलिए शिक्षक महिलायें अपने प्रयत्नों द्वारा राष्ट्र के आर्थिक विकास के बढ़ते अवरोधों को कम कर सकती है। यद्यपि कार्यालयी एवं घरेलू महिलायें भी अपवाद नही हैं, लेकिन इनका क्षेत्र कुछ सीमित अवश्य होता है।

3- समाज में शैक्षिक स्तर के परिणामात्मक एवं गुणात्मक स्तर में वृद्धि एवं उन्नयन हेतु प्रयत्न करना चाहिए । साथ ही, प्रौढ़ शिक्षा को भी प्रोत्साहन देना चाहिए ।

4- जनसंख्या शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए । इस सम्बन्ध में उच्चस्तरीय अध्ययन एवं अनुसंधान भी अपेक्षित है।

5- जनसंख्या शिक्षा को पूर्व माध्यमिक स्तर या उसके पूर्व ही लागू करना चाहिए ।

6- शिक्षिकाओं एवं कार्यालयी महिलाओं के लिए जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ (Population education cell), Population education workshop और Population club की स्थापना, स्वायत संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं एवं उनके नियोजकों द्वारा करना चाहिए ।

7- घरेलू महिलाओं के लिए सरकार की ओर से निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ केन्द, परिवार कल्याण केन्द्र , चल अस्पताल (Mobile Hospital) एवं उचित सलाह केन्द्रों की स्थापना करनी चाहिए । प्रचार एवं प्रसार का क्षेत्र विस्तृत होना चाहिए । निजी अस्पताल की स्थापना को प्रोत्साहन देना चाहिए । शिक्षिकाओं को जनसंख्या शिक्षा , परिवार कल्याण या परिवार नियोजन के विषय में अपने सम्पर्क में आने वाले लोगो को विस्तृत एवं वैज्ञानिक रूप से तथ्य बताना चाहिए । शिक्षक महिलाओं को छात्रों को बताने में उचित सन्तुलन एवं विवेकपूर्वक काम करना चाहिए। परिवार कल्याण कार्यक्रमों के प्रति शिक्षक महिलायें आदर्श परिवार के विषय में जानकारी देकर, बढ़ते आर्थिक भार को स्पष्ट करके एवं गिरते स्वास्थ्य को बताकर लोगो की अभिरूचि बढ़ा सकती हैं।

8- परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत आवश्यक शिशु विहीन महिलाओं को वैज्ञानिक एवं चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करानी चाहिए ।

9- प्राथमिक परिवार कल्याण केन्द्रो पर उचित व्यवस्था होनी चाहिए। चिकित्सकों , नर्सों, सेविकाओं की संख्या में वृद्धि तथा प्रचार हेतु अधिक साधन विनिधान की आवश्यकता है।

10- राज्यों को दी जाने वाली केन्द्रीय सहायता बढ़नी चाहिए तथा निम्न जन्म दर लाने हेतु आवश्यक कानून बनाने में स्वतन्त्रता देनी चाहिए ।

11- परिवार कल्याण के बजट एवं वास्तविक हुए व्यय के मध्य अन्तर को कम करना चाहिए ।

12- निम्न जन्म दर अपनाने वाले लोगों को द्रव्यिक सहायता देनी चाहिए ।

13- विवाह पंजीकरण अनिवार्य होना चाहिए । तथा नव विवाहित दम्पतियों समुचित जानकारी निःशुल्क उपलब्ध करानी चाहिए ।

14- समाज में लड़कियों को लड़को के समान महत्तव देना चाहिए ।

15- शिशु जन्म-अन्तराल 3-5 वर्ष अवश्य होना चाहिए ।

16- परिवार आकार में मात्र दो शिशु ही होना चाहिए । " एक युगल एक शिशु के प्रचार को भी प्रोत्साहन देना चाहिए ।

17- विवाह आयु में वृद्धि होनी चाहिए । लड़कियों के लिए 21-24 वर्ष तथा लड़कों के लिए 26-28 वर्ष होनी चाहिए ।

18- शिशु मृत्यु दर घटानी चाहिए ।

19- प्रवास एवं शहरीकरण को प्रोत्साहन देना चाहिए ।

20- परिवार आकार के संकुचन में धर्म बाधक है, इसलिए राष्ट्रीय हित में धर्म की संकीर्णताओं को ध्यान नहीं देना चाहिए ।

21- परिवार कल्याण - कार्यक्रम में सरकारी संस्थाओं के साथ -2 निजी संस्थाओं का समावेश व प्रोत्साहन आवश्यक है ।

22- प्रजननता सम्बन्धी तथ्यों का विश्लेषण वैज्ञानिक ढंग से अपेक्षित है, यह कार्य विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं समितियों यथा रेडियो , दूरदर्शन, समाचार पत्र साहित्य, सिनेमा, प्रचार - प्रसार एवं जनमत द्वारा ही संभव है । राज्यकीय तंत्र का क्रियाशील होना भी आवश्यक है ।

23- परिवार कल्याण कार्यक्रम को निरूत्साहित करने वालों के प्रति वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए ।

अध्याय - 9

भविष्य में शोध हेतु संस्तुतियाँ

(RECOMMENDATIONS FOR FURTHER RESEARCH)

भविष्य में शोध हेतु संस्तुतियाँ

{Recommendations for further research}

शोध -प्रक्रिया एक निश्चित परिधि में सीमित होने पर शोध कर्ता की दृष्टि प्रत्येक स्थान पर यद्यपि केन्द्रित नहीं होती है, तथापि उसके तीक्ष्ण चक्षु वस्तुगत या विषयगत परिधि को भेदने एवं इसके दर्शन को आत्मसात करने में नहीं चूकते हैं।

"नियोजन" अपने आप में एक संतुलित संकल्पना है, चाहे वह आर्थिक नियोजन से अपना सम्बन्ध रखती हो या प्रजननता के "परिवार नियोजन" अवधारणा से। शोध में "प्रकृति" की सीमितता एवं "प्रकृति" के विस्तार दोनों को समान महत्व देना चाहिए। परिवार-कल्याण पर हुए शोध, परिवार नियोजन पर हुए शोध कार्यों से कम नहीं होना चाहिए अन्यथा मानव कल्याणकारी इन विभिन्न शास्त्रों की अपनी उपयोगिता ही संदिग्ध दृष्टिगोचर होगी।

मानव के प्रजननता व्यवहार अध्ययन में आवश्यकता है अब उन शोधों को प्रश्रय देने की, जो प्रजननकारियों के उत्प्रेरक बन सके। मानव संहार यदि मनुष्य द्वारा संभव है, तो मानव -कल्याण भी उन्हीं से ही होंगे। इस दिशा में जनसंख्या शिक्षा पर होने वाले शोध कार्यों एवं अनुसंधानों को प्रोत्साहन प्रजननता व्यवहार अध्ययन को और अधिक सरल एवं सुरूचिपूर्ण बना सकता है।

शिक्षक महिलाओं के प्रजननता व्यवहार अध्ययन में सिक्के के दूसरे पहलू, उनके पतियों के प्रजननता व्यवहार का अध्ययन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। ठीक इसी प्रकार से पुरूष शिक्षकों के प्रजननता-व्यवहार अध्ययन में इनकी पत्नियों के व्यवहार का अध्ययन अपेक्षित हो जाता है। अध्ययन में दृष्टव्य है कि, शिक्षक महिलायें अपने प्रजननता व्यवहार की प्रक्रिया में अपने पतियों पर अधिक दायित्व सौंपने की कोशिश करती है, जो एक विशिष्ट, सीमा में शोध अध्ययन का विषय हो सकता है, तो निश्चित रूप से समाज में आदर्श के प्रतिरूप शिक्षक, शिक्षिकाओं का अपना अस्तित्व क्या होगा यह विचारणीय है। बौद्धिक जगत के इन प्रजननकारियों को सामान्य लोगों में गणना करना अपने आप में अविवेकपूर्ण

एवं असंगत होगा।

हमारा समाज इतना रूढ़िवादी है कि, परिवार नियोजन कार्यक्रम के सम्बन्ध में और परिवार नियोजन विधियों के अनुसरण के सम्बन्ध में भी लोगों को संकोच होता है, तथा परिवार नियोजन विधियाँ भी पूरी तरह से सन्तोषजनक नहीं हैं जो सर्वसाधारण कोपूरी तरह से आवश्यक जानकारी से सन्तुष्ट कर सकें। न जाने क्यों सरकारी प्रयत्न एवं निजी क्षेत्र में विभिन्न प्रयासों के बाद भी लोग समुचित लाभ नहीं उठा पा रहे है? नियोजन कार्यक्रम से सम्बन्धित कर्मचारियों की भूमिका अपेक्षाकृत कम सफल एवं कुछ संदिग्ध होती जा रही है। अतः इस दिशा में पर्याप्त सफलता न मिलने का बहुआयामी दृष्टिकोण पुनः शोध अनुसंधानों को निर्देशित करता है।

अध्याय - 10

ग्रंथ - संदर्भ - सूची

(BIBLIOGRAPHY)

BIBLIOGRAPHY

1. Agrawal, S.N.

Some Problems of India's Population. Vora and Co. Publishers Ltd., Bombay.

2. Agrawal, S.N.

India's Population Problems. Tata McGraw Hill Pub. Co., Bombay.

3. Agrawal, Dr.S.K.

Principles of Demography.

4. Bown, Iane

Population Book, Cambridge University Press, 1955.

5. Barclay, George, W.

Technique of Population Analysis. John Willey & Sons, New York, 1958.

6. Berelson and others

Family Planning and Population Programs. The University of Chicago Press, Chicago & London.

7. Bhande, Asha, A. and Kanitkar, Tara

Principles of Population Studies.

8. Brien, John, A.O.

Family Planning in an Exploding Population. Amerind Publishing Co. Pvt. Ltd., New Delhi, Bombay, Calcutta, New York.

9. Barbara, K. Herz

Official Development Assistance for Population activities.

10. Bajpeyi, Dr.S.R.

Social Research and Surveys, Kitab Mahal.

11. Casseen, R.H.

Population, economy and Society. The Mac Millan Company of India, Delhi, 1983.

12. Coal, A.J. and Hooves, E.M.

Population Growth and economic development in India, 1956.

13. Chandrasekhar, S. (Edited)

Asia's Population Problems.

14. Chandrasekhar, C. and Kuder, Kathesine

Family planning through clinic report of a survey of family Planning Clinics in Greater Bombay. Allied Publishers Private Ltd., Bombay, London, New York.

15. Davis, Kingslay

The Population of India and Pakistan. Princeton, Princeton University Press.

16. Desai, P.B.

Size and Sex Composition of Population in India (1901-1961). Asia Publishing House, 1969.

17. Donald, Bogue, J.
Demographic Techniques of Fertility analysis. Community and Family Study Center, University of Chicago, 1970.

18. Gyan Chand
Some aspect of population in India, 1957.

19. Gyan Chand
Population in perspective study of population crisis in India in the context of new social Horizons. Orient Longman Ltd., New Delhi, 1972.

20. Goel, R.P.
Fertility and Family Planning in Western Uttar Pradesh. Demographic Research Centre, Draft Report.

21. Goad, W.J.
World Revolution and Family Patterns.

22. Hauper and Duncan
The study of Population (edited).

23. Heer, David, M.
Society and Population.

24. Janes, Hywel, G.
An Introduction to modern theories of Economic Growth, McGraw Hill Book Company, 1976.

25. Jail Pal, P.Ambannavap.
A Demographic study of Maharashtra State, N.I.F.P., New Delhi, 1975.

26. Kapadia, K.M.

Marriage and Family in India.

27. Ohlin Goran

Population Control & Economic Development, 1967.

28. Myrdal Gunnar

Asian Drama, An enquiry into the Poverty of nations - Vol. II. Penguin Books Ltd., Middlesex England, 1968.

29. Memoria, C.B.

Population Growth and Economic Development in India, Sahitya Bhawan,Agra.

30. Mishra, Bhaskar, D.

An Introduction to the study of Population. South Asian Publishers Pvt. Ltd., 1980.

31. Oberoi, A.S. and Singh, H.K. Manmohan

Cause and consequences of Internal Migration. Oxford University Press, 1983.

32. Peterson, W.

Population in Economic Growtn, North Holland Publishing Co. Amerterdam, 1977.

33. Pitchford J.D.

Contributions to economic Analysis Population in Economic Growth, North Holland/American Elsevier, 1974.

34. Premi, M.K. Ramanamma, A. Bambawali, Usha
An Introduction to Social Demography. Vikar Publishing House, Pvt. Ltd., 1983.

35. Sharma, Anup, D.
Population Explosion in India, D.Litt. Dissertation, University of Allahabad, 1972.

36. Sehgal, Jag Mohan
The Population distribution in greater Bombay. Asian Economic Review, Vol. III, No. 2 FIS, 1966

37. Srivastava, Jagdish Narain
1971 Densus - India and Uttar Pradesh Demographic Research Centre, University of Lucknow, 1971.

38. Stamper, B. Maxwell
Population and Planning in Developing Nations. A Review of Sixty Development plans for the 1970's. The Population Council, New York.

39. Saxena, D.N.
Differential Urban Fertility in Lucknow. Demographic Research Centre, University of Lucknow.

40. Thomson, Warren, S and Lewis I. David. T.
Population problems, Tata McGraw Hill.

41. Tilera, K.S.
Social Research, Survey and Statistics. Railway Crossing Sitapur Road, Lucknow, 84

42. Uppal, J. S. (Edited)
India's Economic Problems.

43. Valentey, Prof. D.I. (Edited)
The theory of population. Essays in Marxist Research Progress Publishers, Moscow, 1978.

44. Wilpinson and Bhandarkar
Research Methodology on Social Sciences, Himalayan Publishing House, Nagpur.

B. PERIODICALS, MONOGRAPHS & CONFERENCE REPORTS

1. A report of the United nations World Population Conference, 1974.

2. Artha Vijnana - Journal of Gokhale Institute of Politics and Economics, Pune.

3. Annual Report, 1984-85. Ministry of Education, Government of India.

4. A study of Attitudes of Married Couples towards Family Planning in Ahmedabad by Dr.Tara Patel G.V.P. 259-500.8.64, University School of Social Sciences, Gujarat University.

5. A survey Fertility and Family Planning in Western Uttar Pradesh. R.P. Goyal.

7. A Review of Determinants and Policy Levers, Reducing Fertility in Developing Countries. Rodolfo. A. Bulatao.

7. Asian Population, Study Series, Population Strategy in Asia. The Second Asian Population Conference, Tokyo, United Nations. Nov. 1972.

8. Conference reports on recent population Trends in South Asia. New Delhi, 1983.

9. Country Monograph, Series No. 10, Population of India, 1982, U.N.O.

10. Centre Calling, Mass Mailing Unit, Department of Family Welfare, Government of India, New Delhi.

11. Demography India

Vol. 7, No. 1 & 2, Jan.-Dec, 1978.

Vol.12, No. 1 Jan.-June,1983.

Vol.12, No. 2 July-Dec, 1983.

Vol.13, No. 1 & 2, Jan.-Dec.,1984.

Vol.14, No. 1 Jan.-June,1985.

12. District Plan Allahabad, 1984 and 1985. Office of the District Magistrate.

13. District Census Book, Allahabad, 1971. Part XA, Part XB, Govt. of Uttar Pradesh.

14. District Statistical Diary, Allahabad District Statistical Office, Allahabad.

15. Demographic Situation in India. N.I.F.P. Report Series No. 15, April 1975.

16. Economic and Political Weekly, ASameeksha Trust Publication, Bombay.

17. Economic Survey, 1985-86. Ministry of Finance, Government of India.

18. Economic Times, Bombay, Nov. 1986. F.P. Programmes, "Are we putting the cart before the horse ?"

19. Family Planning Enquiry in Dharwar Talupa (Mysore State), B.D. Kale. Demographic Research Centre Institute of Economic Research Yidyagiri - Dharwal-4 (Mysore State), 1966.

20. Hand Book on Population - Centre for Adult, Continuing Education and Extension, University of Delhi, 1983.

21. Indian Economic Review, Vol. IV, No. 1, Feb. 1958.

22. In search of Population Policy, National Academy of Sciences, Washington, 1974.

23. India - Town and Country Planning Organisation Towards a human Settlement Policy in India, New Delhi - 1975.

24. India, 1984, 1985, Ministry of Information, Government of India.

25. Income and Superimposing Variables and Fertility by Dr. A.D. Sharma.

26. Journal of Population Research, National Institute of Family Planning, New Delhi.

27. Journal of Development Economics (A Stochastic learning model of Migration), Vol. 5/ No. 2, June 1978, U.S.A.

28. Milbank Memorial Fund, Quarterly, 40 Wall street, New York, N.Y. 10005

Article "Changes in the Social and Demographic Attributes of women in "Who's Who", Myrna E. Frank and Clyde V. Kiser.

29. Milbank Memorial Fund Quarterly, July, 1962, Vol. XL, No. 3, 40, Wall Street, New York -5.

Article, "A Family Planning Program in a Large Population Group by Yoshio Koya, President, Family Planning Federation of Japan, Consultant to Japanese National Railways.

30. Milbank Memorial Fund Quarterly, Jan. 1965, Vol. XLIII, No. 1.
Article, "Female Employment and Fertility in Lima, Peru. J. Mayona Styees.

31. News Letter - Published by the Family Planning Association, Mostimer St. London.

32. Population Bulletin - Population Reference Bureau, I.N.C., Washington.

33. Population Index - Office of the Population Research, Princeton University, New Jersey.

34. Population and Development - International Conference on Population, Mexico City, August, 1984.

35. Population Reports -
Series M, No. 7, Sept. - Oct. 1983
Series M, No. 8, Sept. - Oct. 1985
Series C, No. 9, May 1985.
The Johns Hapkins University, U.S.A.

36. Population and Development Series No. 1, World Bank Staff Working Papers, Number 676, Family Planning Programs, The Client's Perspective, Ainsworth, Martha.

37. Population and Development Series No. 17, World Bank Staff Working Papers, Number 676, Recent Fertility Declines, Brazil, Colombia and Mexico, Thomas W. Merrick.

38. Population and Development Series No. 4, World Bank Staff Working Papers, Number 679, Expenditures on Population Programs in Developing Regions, Current levels and Future Requirements, Rodolfo A. Bulatao.

39. Population Programme News, Asian - Pacific.

Vol. IX	Sept. 1968
Vol. 14, No. 2,	June, 1985
Vol. 14, No. 4,	Dec., 1985.

United Nations Economic & Social Commission for Asia & the Pacific.

40. Statistical Diary - Yearly Published by the Department of Statistics, Government of Uttar Pradesh.

41. Studies in Family Planning

Number 7, June, 1965

Number 9, Jan., 1966.

A publication of the population Council.

42. The Indian Economic and Social, History Review, Vol. II, No. 1, Jan. 1965.

43. The World Population Conference, Belgrad Yugoslavia, 30 Aug.- 10 Sept, 1965. Office of the Registrar General of India (Paper contributed by Indian Authors).

44. The Journal of Family Welfare, Vol. XXI, No. 1, Sept. 1984.

45. The Indian Journal of Economics, Published by Department of Economics, University of Allahabad, Allahabad.

46. World Population Conference, Vol. III, 1965, United Nations.

47. Year-book, 1974-75. Family Welfare Planning in India.

48. Yojana (Weekly) - Published by Ministry of Home affairs, Government of India.

परिशिष्ट

(APPENDICES)

अ – इलाहाबाद नगर: आंकड़े एवं तथ्य

ब – प्रश्नावली – पत्रक (QUESTIONNAIRE)

सारिणी संख्या 15.3

इलाहाबाद नगर की जनसंख्या वृद्धि (1853-1981)

जनगणना वर्ष	जनसंख्या	दशक वृद्धि	प्रतिशत वृद्धि
1853	72,093	-	-
1966	1,05,924	+ 33,831	46.9
1972	1,43,693	+ 37,769	36.0
1881	1,60,118	+ 16,425	11.4
1891	1,75,246	+ 15,128	9.4
1901	1,72,032	- 3,214	-1.8
1911	1,71,697	- 1,335	-0.8
1921	1,57,220	-14,477	-8.4
1931	1,73,895	+ 16,675	10. 6
1941	2,46,229	+ 72,324	41.6
1951	3,32,615	+ 86,386	35.1
1961	4,43,964	+121,349	36.5
1971	4,90,622	+46 ,658	10.5
1981	6,16,051	+1,25,429	25.6

स्त्रोत: इलाहाबाद रिट्रास्पेक्ट एन्ड प्रास्पेक्ट-बी0एन0 पाण्डेय

सारिणी संख्या 15.4

इलाहाबाद नगर एवं जनपद की जनसंख्या वृद्धि

जनगणना वर्ष	इलाहाबाद नगर		इलाहाबाद जनपद	
	जनसंख्या	प्रतिशत वृद्धि	जनसंख्या	प्रतिशत वृद्धि
1921	1,57,220	-	14,02,350	-
1931	1,73,895	10.6	14,88,303	6.2
1941	2,46,229	41.6	18,08,866	21.5
1951	3,32,615	35.1	20,44,117	13.0
1961	4.43,964	33.5	24,38,376	19.3
1971	4,90,622	10.5	29,37,278	20.5
1981	6,16,051	25.6	37,97,033	29.3

स्रोत: सांख्यिकीय पत्रिका, जनपद- इलाहाबाद, 1984
अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान- उ0प्र0

सारिणी संख्या 15.5

इलाहाबाद का विगत तीन जनगणना वर्षों में जनसंख्या संरचना

जनगणना वर्ष	जनसंख्या				
	कुल जनसंख्या	पुरुष	प्रतिशत	स्त्री	प्रतिशत
1961	2438376	1263981	(51.84)	1174935	(48.16)
1971	2937278	1546282	(52.68)	138996	(47.32)
1981	3797033	200877	(52.9)	1788262	(47.1)

स्त्रोत: सांख्यिकीय पत्रिका, जनपद- इलाहाबाद-1984

अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0

सारिणी-संख्या 15.6

इलाहाबाद की ग्रामीण व, नगरी जनसंख्या§1961-1981§

जनगणना वर्ष	जनसंख्या				
	कुल	ग्रामीण	प्रतिशत	नगरी	प्रतिशत
1961	2438376	1994412	§81.79§	443969	§18.21§
1971	2937278	2395175	§81.54§	542103	§18.46§
1981	3797003	3023445	§79.63§	773588	§20.37§

स्रोत: सांख्यिकीय पत्रिका, जनपद इलाहाबाद, 1984

अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0

सारिणी संख्या 5.7

धर्मानुसार जनपद की जनसंख्या - 1981

धर्म	जनसंख्या	प्रतिशत
हिन्दू	33,01,290	86.94
इस्लाम	4,84,948	12.77
ईसाई	6,722	0.18
सिख	2,728	0.07
अन्य	1,275	0.03
अघोषित	70	-
योग	37,97,033	100.00

स्त्रोत : जिला जनगणना पुस्तिका, 1981 जनगणना, इलाहाबाद।

सारणी संख्या 15.8

जनपद में मान्यताप्राप्त शिक्षा संस्थाएं

वर्ष	ज0बे0 स्कूल	सी0बेसिक स्कूल		हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट		महा विद्यालय	विश्वविद्यालय
	कुल	कुल	बालिका	कुल	बालिका		
1981-82	1766	360	68	206	30	16	1
1982-83	1842	404	68	211	30	16	1
1983-84	1842	404	68	213	39	16	1
ग्रामीण क्षेत्र में	1699	319	52	160	6	3	-
नगरीय क्षेत्र में	143	85	16	53	24	13	1

स्रोतः सांख्यिकीय पत्रिका, जनपद- इलाहाबाद, 1984
अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0

सारिणी संख्या 15.1

साक्षरता एवं जनसंख्या घनत्व-1981

इलाहाबाद जनपद/नगर	साक्षरता प्रतिशत			क्षेत्र वर्ग किमी	घनत्व प्रति वर्ग किमी
	कुल	पुरूष	स्त्री		
जनपद	27.99	41.51	12.81	7261	523
नगर	28.61	-	-	62.94	9788

स्त्रोत: सांख्यिकीय पत्रिका, जनपद-इलाहाबाद, 1984
×इलाहाबाद 1985, निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
एवं
प्रगतिका- इलाहाबाद
जनसम्पर्क कार्यालय, इलाहाबाद।

भारत की कुल जनसंख्या 16.0

¤ अविभाजित देश के लिए अनुमान ¤

वर्ष	जन संख्या ¤ करोड़ो में ¤
300 ईसा पूर्व	10.0 में 14.0
1600 ईसवी	10.0
1800	12.0
1834	13.0
1845	13.0
1855	17.5
1867	19.4
1872	25.5

जनसंख्या ¤ भारत की आज की सीमाओं ¤ के लिए

वर्ष	जनसंख्या ¤करोड़ो में¤	
1901	23.8	
1911	25.2	
1921	25.1	
1931	27.9	
1941	31.9	2.9 करोड़ की वृद्धि
1951	36.1	
1961	43.9	
1971	54.8	
1981	68.4	

× स्त्रोतः किंगले डेविस -"पापूलेशन आफ इन्डिया एण्ड पाकिस्तान "

शिक्षक महिलायें एवं प्रजननता

§ इलाहाबाद नगर की शिक्षक महिलाओं का वैयक्तिक अध्ययन §
प्रश्नावली

संस्था का नाम

1. नाम ______________________
2. आयु ______________________
3. शिक्षा उच्चतम शैक्षिक अर्हता ______________________
4. धर्म ______________________
5. पता ______________________
6. वैवाहिक स्थिति विवाहित / अविवाहित / विधवा / परित्यक्ता
7. विवाह के समय आयु ______________________
8. व्यवसाय ______________________
9. उत्तरदाता का वर्गीकरण शिक्षक / कार्यालयी / घरेलू महिला

पृष्ठ भूमि

1. पिता का नाम श्री ______________________
2. पिता का पता ______________________
3. पिता की उम्र ______________________
4. पिता का धर्म ______________________
5. पिता की शिक्षा ______________________
6. पिता का व्यवसाय ______________________
7. पिता की सन्तान ______________________

स्वयं के व्यवसाय का वर्णन

	प्रवेश तिथि	छोड़ने की तिथि
1. पहला		
2. दूसरा		
3. तीसरा		

परिवार नियोजन के बारे में ज्ञान

1. आपको परिवार नियोजन के बारे में जानकारी किस आयु में हुई।
2. आपमें परिवार नियोजन के विषय में रूचि किस प्रकार उत्पन्न हुई।

परिवार नियोजन के विषय में विचार

1. क्या आप परिवार नियोजन के विचार से सहमत हैं ? ﴾ हाँ/नहीं ﴿
2. यदि हाँ तो उसके क्या कारण हैं ?
   ﴾अ﴿ आर्थिक कारणों से
   ﴾ब﴿ बच्चों के अच्छे पालन-पोषण के लिए।
   ﴾स﴿ महिलाओं के अच्छे जीवन के लिए
   ﴾द﴿ जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए
3. यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?
   ﴾अ﴿ यह धर्म के विरूद्ध है।
   ﴾ब﴿ यह महिलाओं के लिए हानिकारक है।
   ﴾स﴿ कोई सन्तोषजनक, सुरक्षात्मक विधि उपलब्ध नहीं है।
   ﴾द﴿ अन्त में संयमित जीवन न बिताने के कारण सामाजिक आदर्शों का पतन हो जायेगा।
4. क्या आपने अपना निजी परिवार नियोजित किया है ? हाँ / नहीं

5. §अ§ क्या आपने परिवार नियोजन की वांछनीयता के बारे में जनसमुदाय को परामर्श दिया है ? हाँ / नहीं

§क§ अपने सम्बन्धी और मित्रों को हाँ / नहीं

§2§ अपने छात्रों को हाँ / नहीं

6. क्या आप कुछ ऐसी प्रेरणा प्रस्ताव सेवाओं में कार्यरत/घरेलू/शिक्षक महिलाओं के लिए प्रस्तावित कर सकती हैं जिससे कि वह अपने सहकर्मियों/छात्रों व अन्य को जनसंख्या समस्या व परिवार नियोजन की जानकारी दे सकें ?

7. क्या आप सोचती है कि घरेलू/सेवाओं में कार्यरत/शिक्षक महिला वर्ग परिवार नियोजन को जन - कार्यक्रम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। हाँ / नहीं

8. आपके विचार से क्या जनसंख्या शिक्षा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए। हाँ / नहीं

9. यदि हाँ तो विद्यार्थी को किस स्तर से जनसंख्या की : प्राथमिक/जूनियर शिक्षा मिलनी चाहिए। हाई स्कूल/हाई स्कूल/ विश्वविद्यालय

10. परिवार नियोजन कार्यक्रम के सम्बन्ध में इस योजना को निरूत्साहित करने वाले लोगों को दण्डित किया हाँ / नहीं जाना चाहिए।

11. आपके विचार से विवाह की आदर्श-आयु क्या होनी चाहिए

लड़कियों के लिए ____________________

लड़कों के लिए ____________________

12. परिवार नियोजन के प्रकार में जो संस्थाएं कार्य कर रही है, उनकी कार्यविधि में क्या आप परिवर्तन प्रस्तावित कर सकती है ?

§1§ सरकारी संस्थाएं ____________________

§2§ निजी संस्थाएं ____________________

<u>जानकारी देने वालों की अपनी स्थिति</u>

1. क्या आपके विचार से आदर्श परिवार में बच्चों की संख्या कितनी होनी चाहिए 1/ 2/ 3/ 4/ 5/ 5+

2. आपके परिवार में बच्चों की संख्या कितनी है 1/ 2/ 3/ 4/ 5/ 5+

3. आपके बच्चों के जन्म के बीच में कितना अन्तराल है?

   §1§ पहले बच्चे के जन्म के पहले ______________

   §2§ पहले और दूसरे बच्चे के बीच में ______________

   §3§ दूसरे और तीसरे बच्चे के बीच में ______________

   §4§ तीसरे और चौथे बच्चे के बीच में ______________

   §5§ अन्य ______________

4. आपके विचार से आदर्श जन्म अन्तराल क्या होना चाहिए

   §1§ पहले बच्चे के जन्म के पहले ______________

   §2§ पहले और दूसरे बच्चे के बीच में ______________

   §3§ दूसरे और तीसरे बच्चे के बीच में ______________

   §4§ तीसरे और चौथे बच्चे के बीच में ______________

   §5§ अन्य ______________

5. आप यदि अपने उचित विचार के अनुरूप अपने परिवार को नहीं बना पायें हैं तो उसके लिए आप किन कारणों को उत्तरदायी समझती हैं

   §1§ आपके पति की आपके विचारों से असहमति ______________

   §2§ आपके पति के इस सम्बन्ध में कम सहयोग के कारण ______________

   §3§ यूं ही कुछ आलस्य और कम दृढ़ता के कारण ______________

   §4§ आवश्यक बातों तथा परिवार नियोजन विधियों के कम जानने के कारण ______________

   §5§ अन्य कारण ______________